शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 177 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 23 जुलाई 2024 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# दुकान मालिकों को नाम बताने की जरूरत नहीं: सुप्रीम कोर्ट

## नेमप्लेट विवाद पर यूपी सरकार को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर लगाई रोक

### सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि क्या यह प्रेस स्टेटमेंट था या औपचारिक आदेश था कि इन्हें प्रदर्शित किया जाना चाहिए?

**नई दिल्ली**
कांवड़ यात्रा मार्ग पर होटलों को अपने मालिकों के नाम प्रदर्शित करने के उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश के मामले पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने यूपी प्रशासन के फैसले पर रोक लगा दी है।

**कोर्ट ने तीन राज्य सरकारों को भेजा नोटिस**
कोर्ट ने कहा कि दुकानदारों को पहचान बताने की जरूरत नहीं। दुकान मालिकों को नाम बताने की जरूरत नहीं है। दुकानदारों को सिर्फ खाने के प्रकार बताने की जरूरत है। मतलब यह कि दुकान पर सिर्फ लिखे होन की जरूरत है कि वहां मांसाहारी खाना मिल रहा है या शाकाहारी खाना। कोर्ट ने इस मामले में अदालत ने उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और मध्य प्रदेश सरकार को नोटिस जारी किया है।

**महुआ मोइत्रा ने दायर की याचिका**
कोर्ट ने एनजीओ एसोसिएशन ऑफ प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स द्वारा याचिका दाखिल की गई। तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा ने भी आदेश के खिलाफ याचिका दायर की है, जिसे अभी सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है। जस्टिस हृषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने मामले की सुनवाई की।




### गिरफ्तार नेता जेल से भी नहीं कर सकेंगे प्रचार: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली**
**उच्चतम** न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें गिरफ्तार नेताओं को चुनाव के दौरान वर्चुअल तरीके से प्रचार करने की अनुमति देने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया, जिसमें याचिका खारिज कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि यह याचिका दुर्भावनापूर्ण इरादे से दायर की गई है।

## नीट यूजी: सही उत्तर पर राय देगा आईआईटी दिल्ली

**नई दिल्ली**
**सुप्रीम** कोर्ट में सोमवार को नीट यूज 2024 परीक्षा मामले में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने आईआईटी दिल्ली के निदेशक को मंगलवार दोपहर 12 बजे तक परीक्षा में एक प्रश्न के सही उत्तर पर राय देने के संबंध विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करने को कहा। कुछ छात्रों ने प्रश्न के दो विकल्पों के लिए अंक देने के नेशनल स्टेटिंग एजेंसी के फैसले को चुनौती दी है। अब कमेटी इसी मामले की जांच करेगी। बता दें कि पेपर लीक और गड़बड़ी का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कल यानी 23 जुलाई को भी जारी रहेगी।




दरअसल, सर्वोच्च अदाल में एक याचिका दाखिल की गई। इसमें कहा गया कि किसी विशेष प्रश्न के उत्तर के लिए अंक देने या न देने का अंतिम मेरिट सूची पर असर पड़ता है। अब आईआईटी दिल्ली के निदेशक को तीन विशेषज्ञों की टीम गठित करनी होगी। यह टीम सही उत्तरों पर रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में प्रस्तुत करेगी।

**परमाणु से जुड़े प्रश्न के उत्तर पर उठे सवाल**
सर्वोच्च अदालत ने कुछ अभ्यर्थियों की दलीलों पर ध्यान दिया कि परमाणु और उसकी विशेषताओं से संबंधित एक प्रश्न के दो सही उत्तर थे। मगर एक विशेष उत्तर देने पर ही कुछ छात्रों को चार अंक मिले हैं। मगर दूसरा भी उत्तर सही है। याचिकाकताओं ने मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष दलील दी कि इससे सफल उम्मीदवारों की अंतिम मेरिट सूची पर खासा प्रभाव पड़ेगा। पीठ ने कहा कि हम आईआईटी दिल्ली के निदेशक से अनुरोध करते हैं कि वे संबंधित विषय के तीन विशेषज्ञों की एक टीम गठित करें। विशेषज्ञ टीम से अनुरोध है कि वे सही विकल्प पर राय तैयार करें और कल दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्रार को राय भेजें।

### सिर्फ पेपर लीक नहीं, बैंकों का भी गड़बड़झाला...



**नई दिल्ली**
सुप्रीम कोर्ट में सोमवार यानी 22 जुलाई को नीट एग्जाम विवाद को लेकर दायर 40 याचिकाओं पर सुनवाई हुई। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ ने नीट से जुड़े सभी मामलों की सुनवाई की। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से पीठ को बताया गया कि देश भर के कुल 3300 छात्रों ने गलत प्रश्न पत्र से परीक्षा दी। एनटीए की से जानकारी दी गई कि इन छात्रों ने केनरा बैंक से लाए गए प्रश्न पत्र से परीक्षा दी, जबकि इन छात्रों को भारतीय स्टेट बैंक) में रखे गए प्रश्न पत्रों से परीक्षा देनी थी। इस पर तुरंत छात्रों का पक्ष रख रहे वरिष्ठ वकील नरेंद्र हुड्डा ने पूछा कि जब एनटीए ने केवल एसबीआई के प्रश्न पत्रों के ही आंसर जारी किए तो फिर इन 3300 छात्रों की कॉपी कैसे जांची गईं इसका जवाब सीजेआई ने कहा कि उनके पास केनरा बैंक वाले प्रश्न पत्र की भी आंसर-की होगी। तब हुड्डा ने कहा कि अभी तक तो एजेंसी ने इसके आंसर जारी नहीं किए हैं।

**क्या गलत प्रश्न-पत्र बांटने के चक्कर में मिले ग्रेस मार्क्स**
मुख्य न्यायाधीश ने ग्रेस मार्क्स लेकर पूछा तो एनटीए का पक्ष रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि केवल उन्हीं छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए गए हैं, जिन्हें पहले केनरा बैंक का पेपर अटेम्प्ट करने को दिया गया था। बाद में केनरा बैंक का प्रश्न पत्र वापस लेकर एसबीआई के प्रश्न पत्र दिए गए। सीजेआई इस जवाब से संतुष्ट नहीं हुए और उन्होंने पूछा कि आखिर ग्रेस मार्क्स दिए ही क्यों गए सीजेआई द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मुझे भी लगता है कि यह सही फैसला नहीं था।

### दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने के मामले में एक्शन राष्ट्रीय महिला आयोग

**नई दिल्ली**
मध्य प्रदेश के रीवा में एक जमीन विवाद को लेकर दबंगों द्वारा दो महिलाओं को जिंदा गाड़ने के मामले में अब राष्ट्रीय महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने इस मामले में राज्य के डीजीपी को एक पत्र लिख कर विस्तृत रिपोर्ट की मांग की है। आयोग को इस पूरे मामले पर तीन दिन के अंदर कार्रवाई रिपोर्ट मिलने की उम्मीद है।

**क्या है पूरा मामला**
मालूम हो कि यह घटना एक जमीन विवाद को लेकर हुई थी, जिसमें दबंगों ने दो महिलाओं को जिंदा गाड़ दिया था। हालांकि, स्थानीय लोगों ने समय रहते ही दोनों महिलाओं को बाहर निकाल लिया। वहीं, दोनों पीड़िताओं की स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। दरअसल, हिनौवा गांव में एक निजी जमीन पर जबरन सड़क निर्माण को लेकर दोनों महिलाएं विरोध कर रही थी। इसी बीच दबंगों ने दोनों महिलाओं के ऊपर सड़क निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली मुरुम डाल दी। इससे एक महिला गले तक और दूसरी कमर तक जमीन में धंस गई।

### जेडीएस नेता सूरज रेवन्ना को मिली जमानत

**कर्नाटक**
एमएलसी और जेडीएस नेता डॉ सूरज रेवन्ना को पीपुल्स रिप्रेजेंटेटिव कोर्ट ने सशर्त जमानत दे दी। सूरज रेवन्ना को एक व्यक्ति के कथित यौन शोषण के मामले में गिरफ्तार किया गया था और उन पर भारतीय दंड संहिता की धाराओं 377, 342, 506 और 34 के तहत आरोप लगाए गए थे।

### लखीमपुर खीरी मामले के मुख्य आरोपी आशीष मिश्रा को राहत

**नई दिल्ली**
लखीमपुर खीरी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार मिश्रा के बेटे आशीष मिश्रा को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने 2021 के लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में दी गई अंतरिम जमानत की पुष्टि की है। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि अब तक 117 गवाहों में से केवल सात की ही जांच की गई है।

## राज्य सरकार नहीं दे सकती किसी पड़ोसी मुल्क के लोगों को शरण: रविशंकर प्रसाद

**नई दिल्ली**
**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पड़ोसी देश बांग्लादेश को शरण देने की बात कही थी। उनके इस बयान के बाद अब भारतीय जनता पार्टी के नेता रविशंकर प्रसाद ने तृणमूल कांग्रेस प्रमुख पर हमला बोला है। उन्होंने कहा, यह अधिकार भारत सरकार का है, राज्य सरकार का नहीं। रविशंकर प्रसाद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए आगे कहा, 'ममता बनर्जी ने कल कहा था कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हो रहा है, वह अपने दरवाजे खुले रखेंगी और किसी को भी पश्चिम बंगाल में प्रवेश नहीं करने देंगी। ममता जी, आप वही व्यक्ति हैं जिन्होंने सीएए के बारे में कहा था कि हम हिंसा से पीड़ित किसी भी हिंदू, सिख, पारसी या ईसाई शरणार्थी को बंगाल में प्रवेश नहीं करने देंगे।



**क्या संविधान में आपका अधिकार है?**
ममता जी ने हमेशा सीएए का विरोध किया है, जबकि सीएए का भारत के नागरिकों से कोई संबंध नहीं है, चाहे वे हिंदू हों या मुस्लिम। उन्होंने ये भी कहा, 'ममता जी, अखिलेश यादव और राहुल गांधी संविधान की बात करते रहते हैं। क्या संविधान में आपका अधिकार है? यह अधिकार भारत सरकार का है। यह अधिकार राज्य सरकार का नहीं है।' बीजेपी नेता ने ये भी कहा कि यह बांग्लादेश का आंतरिक मामला है और हम अनुरोध करते हैं कि इस मामले को सुलझाया जाए।

## सर मेरा भी माइक बंद किया गया: निर्मला सीतारमण

### अचानक बंद हुआ माइक तो विपक्ष पर कसा तंज

### बजट सत्र आज से शुरू, 12 अगस्त तक चलेगा

**नई दिल्ली**
सोमवार यानी 22 जुलाई से मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट सत्र शुरू हो चुका है। बजट सत्र के पहले दिन वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का माइक अचानक बंद हो गया। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर तंज भी कंसा। जिसकी इंटरनेट मीडिया पर खूब चर्चा है। दरअसल, वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण केरल के तिरुअनंतपुरम से कांग्रेस सांसद शशि थरूर के सवाल का जवाब दे रही थीं। इसी दौरान उनका माइक बंद हो गया था। शशि थरूर ने दिवालियापन न्यायाधिकरणों में स्टाफ की कमी का मुद्दा उठाया था।



**वित्तमंत्री ने क्या दिया जवाब?**
जवाब में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण देश में कारोबार को आसान बनाने के विभिन्न कदमों का उल्लेख किया।

उन्होंने कहा कि एनसीएलटी में नियुक्तियों के मुद्दे को गंभीरता से लिया जा रहा है और पर्याप्त स्टाफ की व्यवस्था के प्रयास जारी हैं। सरकार इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के साथ भी काम कर रही है। वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि अधिक संख्या में अपीलीय न्यायाधिकरणों की आवश्यकता है। तभी उन्होंने माइक बंद होने की बात कही।

**जब सीतारमण बोलीं- आपको संतुष्टि मिल गई होगी**
वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से कहा कि सर मेरा माइक ऑफ हो गया है। केवल विपक्ष के सदस्यों का ही माइक ऑफ नहीं होता है। मेरा भी माइक बंद हो गया है। इसके बाद उन्होंने विपक्ष की तरफ इशारा किया और कहा कि आपको संतुष्टि मिल गई होगी। वित्त मंत्री के इस तंज पर कई सांसद हंसने लगे।

## लोकसभा में उठा केरल में विदेश सचिव नियुक्ति का मामला



### भाजपा ने कहा- यह असंवैधानिक और अधिकारों पर अतिक्रमण

**नई दिल्ली**
केरल में विदेश प्रभारी की नियुक्ति पर विवाद बढ़ता जा रहा है। अब भाजपा सांसद ने केरल सरकार पर निशाना साथा। उन्होंने कहा कि केरल सरकार द्वारा एक आईएएस अधिकारी को "विदेश सचिव" के रूप में नियुक्त करना असंवैधानिक है। यह केंद्र की जिम्मेदारियों पर अतिक्रमण है। भाजपा सांसद पीपी चौधरी ने लोकसभा में इस मुद्दे को उठाया। उन्होंने कहा कि आईएएस अधिकारी के वासुकी को "विदेश सचिव" के रूप में नियुक्त करने वाला केरल सरकार का 15 जुलाई का आदेश खुलेआम केंद्र की जिम्मेदारी पर अतिक्रमण है।

**क्या खुद को अलग राष्ट्र मान रही केरल सरकार?**
पीपी चौधरी ने पूछा कि क्या केरल सरकार खुद को एक अलग राष्ट्र मान रही है?" केरल सरकार ने 15 जुलाई को श्रम एवं कौशल विभाग की सचिव के. वासुकी को बाह्य सहयोग से जुड़े मामलों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा था। चौधरी ने कहा कि बाह्य सहयोग का अर्थ यह है कि विभिन्न देशों और वहां स्थित भारतीय दूतावासों और मिशनों के साथ कार्य करना।

**केरल सरकार का आदेश असंवैधानिक**
पीपी चौधरी राजस्थान के पाली से भाजपा सांसद हैं। उन्होंने कहा कि कार्य आवंटन नियमों के अनुसार ये कार्य केवल विदेश मंत्रालय के माध्यम से भारत सरकार ही कर सकती है।

## बांग्लादेश में पढ़ रहे 4500 से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश लौटे

**नई दिल्ली**
बांग्लादेश में आरक्षण के खिलाफ हिंसा भड़कने के बाद 4,500 से अधिक भारतीय छात्र स्वदेश लौट चुके हैं। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि नेपाल के 500, भूटान के 38 और मालदीव के एक छात्र भी बांग्लादेश से भारत पहुंचे हैं। बांग्लादेश में भारतीय उच्चायोग भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ नियमित संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने कहा, 'अब तक



4,500 से अधिक भारतीय छात्र भारत लौट आए हैं। ढाका स्थित भारतीय उच्चायोग तथा चटगांव, राजशाही, सिलहट और खुलना स्थित सहायक उच्चायोग भारतीयों की स्वदेश वापसी में सहायता कर रहे हैं।

विदेश मंत्रालय भी अपने नागरिकों के लिए भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा और हवाईअड्डों तक सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहा है।'

**बांग्लादेश में पढ़ते हैं 8,000 से अधिक छात्र**
उच्चायोग भारत और बांग्लादेश के बीच उड़ान सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए बांग्लादेश के नागरिक विमानन प्राधिकरणों और वाणिज्यिक एयरलाइनों के साथ समन्वय कर रहा है। भारतीय उच्चायोग बांग्लादेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों में शेष भारतीय छात्रों और अन्य भारतीयों के साथ संपर्क में है।

## हिंदू तीर्थस्थल जा रहे श्रद्धालुओं के धर्म परिवर्तन की कोशिश, इस्लाम के बारे में दिए उपदेश, गिरफ्तार

**बेंगलुरु**
कर्नाटक के बेल्लोरी जिले से कथित धर्म परिवर्तन का मामला सामने आया है। कर्नाटक के बेल्लारी जिले में हिंदू तीर्थयात्रियों को निशाना बनाकर कथित धर्म परिवर्तन करने की कोशिश की गई है। कर्नाटक पुलिस ने इस सिलसिले में सोमवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया और दूसरे की तलाश शुरू कर दी। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 44 साल के हुसैन बाशा के रूप में हुई, जबकि उसका 24 साल का साथी साईबाबा फरार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, 18 जुलाई को आरोपियों ने हिंदू तीर्थस्थल 'मंत्रालय' की ओर पैदल जा रहे श्रद्धालुओं को निशाना बनाया। हिंदू श्रद्धालु हाथों में भगवा झंडे लेकर लहरा रहे थे।

# इस वर्ष 51 यात्रियों को 'नो फ्लाई लिस्ट' में रखा गया

### सरकार ने बताया- मई तक 7030 घरेलू उड़ानें रद्द हुई

**नई दिल्ली**
**केंद्रीय** नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने एक अहम जानकारी दी है। मंत्रालय ने बताया है कि 51 यात्रियों को अलग अलग उड़ानों में दुर्व्यवहार के लिए नो फ्लाई लिस्ट में रखा गया है। यानी 51 यात्रियों को उड़ान से प्रतिबंधित किया गया है। दरअसल, नागरिक उड्यन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने उड़ान के दौरान गलत व्यवहार करने वाले यात्रियों के लिए कुछ नियम बनाए गए हैं। इसमें दुर्व्यवहार करने वाले यात्रियों पर प्रतिबंध लगाने का नियम भी शामिल है।



**नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने पेश किए आंकड़े**
नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने राज्यसभा में इसे लेकर कुछ आंकड़े भी जारी किए हैं। बताया गया है कि बीते पांच वर्षों में कुल 300 यात्रियों को नो फ्लाई लिस्ट में रखा गया है। इनमें इस वर्ष एक जुलाई अब तक 51 यात्री भी शामिल हैं। आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में 110 यात्रियों को नो फ्लाई लिस्ट में रखा गया था। इसके अलावा वर्ष 2022 में 63, वर्ष 2021 में 66 और वर्ष 2020 में 10 यात्रियों को वो फ्लाई लिस्ट में रखा गया था। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक लिखित जवाब में कहा है कि उड़ान के दौरान विमान और यात्रियों की सुरक्षा के लिए कुछ नियम तैयार किए गए हैं। इसके अलावा उड़ान के दौरान गैरकानूनी और गलत व्यवहार करने वाले यात्रियों के लिए भी नियम बनाए गए हैं। मुरलीधर मोहोल ने आगे बताया कि एयरलाइन को संचालित करने के लिए लागत घटती-बढ़ती रहती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इन्हें संचालित करने के लिए अलग अलग कारणों पर ध्यान देना पड़ता है। इसमें सबसे जरूरी कारण एविएशन टर्बाइन ईंधन (एटीएफ) भी है। मोहोल ने आगे बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में एटीएफ की कीमतों में उतार-चढ़ाव होता रहता है। एयरलाइन के संचालन के लिए लागत का 40 फीसदी हिस्सा एटीएफ की कीमतों पर निर्भर होता है।

**घरेलू एयरलाइंस ने इस साल मई के अंत तक 7,030 उड़ानें रद्द कीं**
सरकार ने बताया कि घरेलू एयरलाइंस ने इस वर्ष 31 मई तक 7,030 उड़ानें रद्द की हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय द्वारा सोमवार को राज्यसभा में पेश किए गए आंकड़ों के अनुसार, 2024 में एयरलाइंस को 4,56,919 रवानगी उड़ानों का संचालन करना है। नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल ने एक प्रश्न के लिखित जवाब में कहा कि 2022 में 6,413 उड़ानें रद्द की गईं। यह संख्या 2023 में बढ़कर 7,427 हो गई तथा इस वर्ष यानी 2024 में 31 मई तक 7,030 उड़ानें रद्द की गईं।

# मेजा सम्पूर्ण समाधान दिवस में किसान ने किया आत्मदाह का प्रयास मचा हड़कंप

बीते 15 वर्षों से जमीन के मामले को लेकर चक्कर काट रहा है किसान

राजस्व निरीक्षक एवं हल्का लेखपाल की घूस खोरी के चलते नहीं मिला आज तक कब्जा

आत्मदाह के प्रयास के बाद हरकत में आए अधिकारी



अखंड भारत संदेश

**मेजा।** मेजा तहसील में सोमवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया था। सभी अधिकारी मौके पर लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। इसी दौरान समाधान दिवस में उस समय हड़कंप एवं अफरा तफरी मच गई जब एक किसान फरियादी टिन लेकर पहुंचा और लोगों का ध्यान आकर्षित करने के लिए डंडे से जोर जोर से पीटने लगा। समाधान दिवस मौजूद अधिकारी तथा अन्य लोग जब उसकी तरफ मुखातिब हुए तो उसने अपनी बीते 15 वर्षों की अपनी व्यथा लोगों को बताई। इसके बाद उसने झोले से पेट्रोल से भरा बोतल व माचिस निकाल लिया और आत्मदाह करने का प्रयास करने लगा। जिससे मौके पर समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों में हड़कंप एवं अफरा तफरी मच गई। सारे अधिकारी भागते हुए बुजुर्ग किसान के पास पहुंच गए और आत्मदाह का प्रयास कर रहे किसान को किसी तरह से बीच बचाव करके उसे शांत कराया। किसान का आरोप है कि तहसील न्यायालय में हकबंदी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी राजस्व निरीक्षक तथा हल्का लेखपाल की घूस खोरी के चलते उसकी पट्टे की भूमि पर कब्जा नहीं दिलाया जा रहा है। वह बीते 15 वर्षों से कभी तहसील न्यायालय कभी सम्पूर्ण समाधान दिवस तो कभी थाना दिवस का चक्कर काटते काटते थक गया लेकिन उसकी सुनवाई नहीं हो रही है। जिसके बाद आत्महत्या के अलावा उसके पास दूसरा कोई रास्ता नहीं बचा है। उल्लेखनीय है कि बुजुर्ग किसान के द्वारा उठाए गए इस कदम से अधिकारी हरकत में आए और शीघ्र ही समस्या का निस्तारण कराने का भरोसा देकर बुजुर्ग को शांत किया। गौरतलब है कि देखा जाए तो मेजा तहसील में चाहे सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हो या फिर थाना दिवस का अधिकारी कर्मचारी उसमें शिरकत कर समस्याओं के समाधान के नाम पर खानापूर्ति अवश्य करते हैं किंतु हकीकत यही है कि फरियादियों की फरियाद को गंभीरता नहीं लिया जाता है। जिसके कारण वही फरियादी बार बार अपनी फरियाद लेकर तहसील का चक्कर लगाते-लगाते मायूस हो जाते हैं। जबकि प्रदेश के मुखिया का इस बाबत स्पष्ट निर्देश है कि समस्याओं का समाधान त्वरित किया जाय बार बार वही शिकायतें नहीं आनी चाहिए।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम नहीं आए, फरियादी मायूस

**कोरांव।** कोरांव तहसील का सम्पूर्ण समाधान दिवस डीएम के अभाव में जोरदार नहीं दिखा,बल्कि फरियादी महिला पुरुष युवा भारी संख्या में समस्या लेकर जरूर पहुंचे। एसडीएम आकांछा सिंह ने डीडीओ, पीडी,डीपीआरओ,एसीपी मेजा,बीडीओ,तहसीलदार कोरांव, आदि सहित सभी विभाग के उपस्थित अफसरों संग फरियादियों के समस्याएं सुन निदान के लिए आदेश किया। सर्वाधिक शिकायतें राजस्व,बिजली,सिंचाई,नहर विभाग,पुलिस विभाग से संबंधित देखने को मिली। एसीपी मेजा रवि गुप्ता ने भी थाना प्रभारी कोरांव को कुछ फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। डीएसओ प्रयागराज ने कुछ विवादित कोटेदारों के विरुद्ध शिकायत पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्यादातर मामले राजस्व कर्मियों से संबंधित दिखे,जिसमे चकबंदी विभाग भी शामिल है,सीमांकन, पत्थर गड़ी के बावजूद पत्थर उखड़ने आदि की शिकायतों के कई मामले आए। जिसमे थाना पुलिस कोरांव को राजस्व पुलिस बल की गठित टीमों द्वारा की गई कार्यवाही और निस्तारण उल्लंघन पर पुलिस को कार्यवाही का आदेश दिया गया। किंतु चर्चा रही कि गुणवत्ता पूर्ण सिकायतों के निस्तारण न होने से समस्याओं का अंबार लग रहा है वह भी बार बार एक ही शिकायतें का समुचित निस्तारण न होना।

## वेलफेयर एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षाधिकारी मेजा को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा



**मेजा।** आदर्श समायोजित शिक्षक शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने संघ के अध्यक्ष अलबल बहादुर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री से संदर्भित अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी मेजा को ज्ञापन सौंपा है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री को संदर्भि ज्ञापन पत्र में पदाधिकारियों की प्रमुख मांगें अध्यादेश के माध्यम से शिक्षा मित्रों को पुनः सहायक अध्यापक के पद पर पदस्थापित करने समान कार्य समान वेतन तथा समान सुविधाएं , महिला शिक्षा मित्रों को उनकी ससुराल के जनपद के विद्यालयों में स्थानांतरण करने , जिले के अंतर्गत शिक्षा मित्रों को उनके मूल विद्यालय में वापस होने का अवसर प्रदान करने तथा मृतक शिक्षा मित्रों के परजनो को नौकरी एवं आर्थिक सहायता प्रदान करने , चिकित्सीय अवकाश कैशलेश चिकित्सा सुविधा आयुष्मान कार्ड की सुविधा प्रदान करने ,महिला शिक्षा मित्रों को सीसीएल की सुविधा देने , आकस्मिक अवकाश 11 के स्थान पर 14 और अर्ध आकस्मिक अवकाश की सुविधा प्रदान करने , तथा सेवा निवृत की उम्र 65 वर्ष किया जाना आदि शामिल हैं। गौरतलब है कि खंड शिक्षाधिकारी मेजा को उक्त ज्ञापन सौंपते हुए वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने यह चेतावनी दिया है कि यदि उनकी यह प्रमुख मांगें पूरी नहीं हुई तो वे आगामी 5 अगस्त को प्रयागराज के अधिकारियों को ज्ञापन देंगे। इस मौके पर कोषाध्यक्ष ताराचंद्र कुशवाहा मंत्री राघवेंद्र द्विवेदी के अलावा कई अन्य शिक्षा मित्र प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## भीम सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सैंकड़ो कार्यकताओं के साथ मेजा तहसील मुख्यालय पर मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा



**मांडा।** तहसील मेजा मुख्यालय पर डॉ. भीमराव सामाजिक सेवा समिति भीम सेना के तत्वाधान में उपजिलाधिकारी मेजा प्रयागराज को महामहिम राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री तथा राज्यपाल व मुख्यमंत्री को सम्बोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। गौरतलब हो कि सोमवार को मेजा तहसील मुख्यालय पर सैकड़ों कार्यकताओं के साथ पहुंचकर प्रदर्शन कर अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग तथा अल्प संख्यक सहित बहुजन समाज के हक और अधिकार से संबंधित ज्ञापन दिया। और उप जिलाधिकारी मेजा को ज्ञापन सौंपते समय भीम सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव गौतम ने कहा कि बहुजन समाज के लोग बड़ी संख्या में भूमिहीन है जिसकी वजह से सामंतवादियो के द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है।जब कि बाबा साहब डा०भीमराव अम्बेडकर जी ने संविधान में दलित,आदिवासी, पिछड़ा व अल्पसंख्यक समाज के लिए जमीन पट्टा आवंटन का प्रावधान किया गया है। अध्यक्ष श्री गौतम ने बताया कि वर्तमान सरकार नीजीकरण करके संवैधानिक आरक्षण की हत्या कर रहा है जो कि गैर संवैधानिक है, एवीएम मशीन से वोटिंग लोकतंत्र के लिए खतरा है। इसलिए चुनाव आयोग पुनः बैलट पेपर से चुनाव कराने पर शीघ्र विचार करे। आए दिन विरोधी विचारधारा के लोग बाबा साहब सहित बहुजन समाज के महापुरुषों की मूर्ति खण्डित करते हैं इस तरह का कृत्य करने वाले पर देशद्रोह का मुकदमा पंजीकृत किया जाय। साथ ही साथ पूरे भारत में मोबाइल इंटरनेट आदि में दिखाए जा रहें अश्लील विडियो (पोर्न) को बैन लगाया जाय। वहीं मेजा व करछना में बंद पढ़े काटन मिल को चालू करने की मांग करते हुए मनरेगा मजदूरों का मजदूरी 500 रूपया किया जाय। विभिन्न मांगे पूरा नहीं होने पर अध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होंगे। तहसील मुख्यालय पर लल्लन लहरी , शिवराम उर्फ पिंटू भास्कर , राजीव मेकार्टी , राजेश वर्मा, शिवराम, जयशंकर गौतम, भूखू कुशवाहा , उर्मिला वर्मा,जगदीश प्रसाद विश्वकर्मा , भोला नाथ , बृजमोहन कुशवाहा , रामप्रताप यादव , हीरा लाल , मनीष , करीना बौद्ध , उषा देवी, रीता देवी, संजीव कुमार प्रजापति आदि सैकड़ो साथी ज्ञापन सौंपते समय उपस्थित थे।

## विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जन्मदिन बना यादगार



**मांडा।** विगत वर्ष की तरह इस वर्ष भी डॉ आर. डी.सोनकर ने अपने निवास- स्थान पर पुष्पांजली नगर भावपुर प्रयागराज मे कार्यक्रम का आयोजन किया। महानगर के महापौर गणेश चंद्र केसरवानी ने फीता काटकर कार्यक्रम की शुभारंभ किया और मेदांता हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सक व सार्प आई साईट सेंटर प्रयागराज के विशेष चिकित्सक द्वारा नगर के लोगो का निः शुल्क परामर्श व जाँच करके जरुरत मंद लोगो को दवा वितरण किया। कार्यक्रम में कौशल सिंह, एस पी श्रीवास्तव, विजय सिंह, नगर महामंत्री रवि केसरवानी, अधिवक्ता कविंद्र सिंह, रविंद्र वैश्य, जेपी श्रीवास्तव आदि सम्मानितगणो का सहयोग रहा। मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के विशेषज्ञ डॉक्टर व शार्प आई सेंटर के विशेषज्ञ डॉक्टर को श्री राम बारात कमेटी की तरफ से महापौर द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया श्री राम बारात कमेटी और महापौर गणेश केसरवानी ने डॉ. आर.डी.सोनकर के जन्मदिन पर केक काटकर खुशियां मनाई और ईश्वर से दीघार्यु एवं मंगलमय कि कामना की। वही डॉक्टर आर. डी. सोनकर ने सभी सहयोगियों,चिकित्सकों व महापौर प्रयागराज का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया और कहा कि हम आप सब के अच्छे स्वास्थ्य के लिए हमेशा प्रयत्न करता रहूँगा।

## शू कंपनी के कैशियर से लूट का असफल प्रयास, ग्रामीणों के दौडने पर हवा में चलाई गोली

पुलिस के पहुंचने पर भुक्तभोगी ने कोई कार्रवाई से किया इंकार

**मऊआइमा।** रमेश कुमार यादव मानसरोवर टाकीज प्रयागराज के पास एक शू कंपनी का कैशियर है। बताया जाता है कि माल पहुंचने के बाद रमेश कुमार वसूली करने सोमवार को निकला था। बताया गया है कि शाम को लगभग छह बजे रमेश कुमार पैसों की वसूली करके प्रयागराज जा रहा था। बताया गया है कि जैसे वह मऊआइमा के सकरामऊ फोरलेन पर पहुंचा अपाची सवार तीन बदमाशों ने कैशियर रमेश कुमार को गिरा कर बाइक की चाभी छिन कर लूटने की कोशिश की तो ग्रामीणों के दौडने पर बदमाश ने हवा में गोली चलाते हुए प्रयागराज की ओर भाग गए। सूचना पर मऊआइमा पुलिस पहुंची तो कैशियर रमेश कुमार ने कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से साफ इंकार करके चला गया। उक्त घटना से क्षेत्र में खलबली मच गई है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले के तथ्यों की जांच की जा रही है। कहीं इस मामले में कोई आपसी दुश्मनी तो नहीं है।

## इंडिया गठबंधन दल का बिजली आदि समस्याओं को लेकर प्रदर्शन





**कोराव।** तहसील दिवस में इंडिया गठबंधन के बैनर तले आज तहसील दिवस में जनहित की भारी समस्या बिजली पानी ब्लाक में भ्रष्टाचार लूट सरकारी अस्पताल में भ्रष्टाचार स्थानीय लेखपाल कानूनगो के अन्यत्र हटाए जाने आदि मुद्दे पर कोराव विधानसभा के तहसील मुख्यालय पर समाजवादी इन्डिया गठबन्धन के लोगों ने तहसील मुख्यालय पर जोरदार धरना प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक रामकृपाल कोल भी शामिल हुए। कार्यकताओं ने एक्सईएन बिजली एक्सईएन नहर को जमीन पे बैठा के उनसे आश्वासन लिया और चेतावनी सभी विभागों को दी गई कि यदि व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो हम समाजवादी इंडिया गठबंधन के लोग जोरदार आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। अंत में सभी सक्षम अधिकारियों से वार्ता करने के बाद उपजिलाधिकारी कोरांव आकांक्षा सिंह जी को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने कार्यवाही का आश्वशन दिया।

## वरिष्ठ पत्रकार पिंटू सिंह पंचतत्व में विलीन, पत्रकार सहित राजनैतिक एवं सामाजिक लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

रोड़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुए थें पत्रकार, प्रयागराज के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान हुआ निधन

रविवार को सायं पैतृक आवास जारी पहुंचा पार्थिव शरीर, अंतिम दर्शन को हजारों में उमड़े लोग



**प्रयागराज।** वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ पिंटू सिंह जारी, रोड़ दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद लखनऊ में इलाज के दौरान रविवार को निधन होने के बाद सायं जारी आवास पर पार्थिव शरीर पहुंचने से परिजनों में कोहराम मचा रहा। हजारों की संख्या में क्षेत्रीय जन सामाजिक, राजनैतिक व चौथा स्तम्भ पत्रकारों का अंतिम दर्शन हेतू जनसैलाब मौजूद रहा। शाम को ही बड़े पुत्र अर्पित सिंह ने दारागंज घाट प्रयागराज में मुखाग्नि दी। राजेन्द्र प्रताप सिंह तीन बहनों व दो भाईयों में सबसे बड़े थे। माता गीता सिंह, पिता सूर्य प्रताप सिंह,पत्नी किरण सिंह, बड़ा बेटा अर्पित सिंह, छोटा बेटा सुमित सिंह, छोटे भाई शैलेन्द्र प्रताप सिंटू सिंह आदि के भरण-पोषण की सम्पूर्ण जिम्मेदारी पिंटू सिंह ही निभाते थे। घर के मुखिया के निधन से परिजनों में दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पत्नी बच्चे माता पिता भाई का रो-रो बुरा हाल रहा। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन प्रयागराज के जिलाध्यक्ष अयोध्या प्रसाद केसरवानी,महामंत्री दिगंबर त्रिपाठी, संगठन मंत्री व भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए कहा पिंटू सिंह का निधन पत्रकारिता जगत की अपूरणीय छति है जिसकी भरपाई संभव नहीं है। हम सब इस दुःख की घड़ी में परिजनों के साथ है। ईश्वर परिजनों को अटूट दुःख सहने की शक्ति संबल प्रदान करें सभी ने नम आंखों से दारागंज घाट पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। जिसमें प्रमुख रूप से भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती,वरिष्ठ पत्रकार कमलाकर सिंह, गोबिंद शरण सिंह,सोनू भटनागर, आषुतोष त्रिपाठी, दिलीप केसरवानी, उमाशंकर गुप्ता,शिव मूरत केसरवानी,दीपक केसरवानी, नीरज लोहिया, रंजीत निषाद, शोभनाथ कुशवाहा,लाल चन्द्र पटेल ,राधे कृष्ण तिवारी, सुनील गिरि, विकास चन्द्र शुक्ला बबलू,मिथिलेश त्रिपाठी, पवन पटेल, विनय विश्वकर्मा, दिवाकर पाल, सौरभ कुमार आदर्श, शंकर लाल साहू, राजेश सोनकर, शिवम वर्मा, विकास गुप्ता, सोनू सिंह, नावेद खान, राजीव जायसवाल,अलीम अहमद, सुधीर साहू बऊआ आदि भारी संख्या में पत्रकार एवं क्षेत्रीय जनों ने नम आंखों से श्रद्धांजलि दी।

## आग लगने से घर गृहस्थी नष्ट

**कोरांव।** ग्राम सभा अल्हवा ब्लॉक कोरांव में बिंद बासिनी प्रसाद पटेल पुत्र राम तीरथ का आशियाना पूरा जल कर खाक हो गया। आग लगने का कारण नहीं ज्ञात हुआ। आग से घर का झोपड़ी नुमा घर और गृहस्थी का सारा समान जल कर खाक हो गया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान को पीड़ित ने दिया तो प्रधान ने अपने लेखपाल अल्हवा को अवगत कराया और उचित कार्यवाही के लिए कहा।

## पौधारोपण करना बहुत बड़ा पुनीत कार्य है : रमेश प्रताप सिंह

**जंघई।** वृहद पौधारोपण अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत साधन सहकारी समिति गरियांव के प्रांगण में समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा नेता रमेश प्रताप सिंह द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर एडीसीओ कोऑपरेटिव विजय कुमार, एडीओ कोऑपरेटिव राजेंद्र चौरसिया, सचिन पवन सिंह तथा ग्राम प्रधान चितापुर करकोली संतोष यादव आदि लोग उपस्थित रहे। लोगों को संबोधित करते हुए रमेश प्रताप सिंह ने कहा कि पौधें लगाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य है वृक्ष के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है यदि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित रखना है तो सभी को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए।

## युवा पत्रकार के असामयिक निधन पर पत्रकार संगठनों द्वारा शोक श्रद्धांजलि

**नैनी।** नैनी यमुनापार के कर्मठ व साहसी युवा पत्रकार राजेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ पिन्टू के संदिग्ध मार्ग दुर्घटना से हुई मौत पर विभिन्न पत्रकार संगठनों द्वारा शोक प्रकट किया गया। प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के नैनी स्थित कार्यालय पर हुई शोक सभा में पत्रकार गजेंद्र सिंह ने कहा कि राजेंद्र सिंह एक निर्भीक पत्रकार थे, उनके निधन से क्षेत्र के पत्रकारों को गहरा आघात पहुंचा है। नेशनल जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय संयोजक जगदम्बा प्रसाद शुक्ल ने राजेंद्र सिंह को सच्चा कलमकार बताते हुए कहा कि उनके निधन से पत्रकारिता जगत को अपूर्णीय क्षति हुई है। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों ने पत्रकार की संदिग्ध मौत पर सवाल खड़ा करते हुए प्रशासन से इस मामले की निष्पक्ष जांच करने की मांग की है। शोक व्यक्त करने वालो में भारतीय पत्रकार सभा के दिवाकर सिंह, राजेश सिंह, अजय विक्रम परिहार, अरुण सोलंकी, प्रयागराज जर्नलिस्ट एसोसिएशन के एस पी सिंह, सूर्यमणि द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, रणकेन्द सिंह, अरुण विश्वकर्मा, कुलदीप तिवारी, यमुनापार पत्रकार एसोसिएशन के भूषण सिंह पटेल, शिवम विश्वकर्मा, नैनी रिपोर्टर एसोसिएशन के अभिषेक पाठक, सुनील गिरी, घनश्याम शुक्ल, राकेश गुप्ता, अखिलेश शुक्ला, राजीव जायसवाल, राहुल जायसवाल आदि ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

## पत्रकार पिंटू सिंह के आकस्मिक निधन पर मीडिया जगत में शोक की लहर

**शंकरगढ़।** वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र सिंह उर्फ पिंटू के आकस्मिक निधन से पत्रकारिता जगत में शोक की लहर व्याप्त है। मार्ग दुर्घटना में घायल होने के बाद अस्पताल में चल रहे इलाज के दौरान एक सप्ताह बाद मौत की खबर आते ही शोक संवेदनाओं का दौर शुरू हो गया। विकासखंड शंकरगढ़ सभागार में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। पत्रकारों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पिंटू सिंह विनम्र, सहज और कुशल पत्रकार होने के साथ ही अच्छे नेक दिल इंसान थे। पिंटू सिंह की आकस्मिक निधन हो जाने से मीडिया जगत में जो अपूर्णनीय क्षति हुई है उसकी भरपाई कर पाना मुश्किल का काम है।पत्रकारों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि पिंटू सिंह के परिवार पर विपत्ति का जो पहाड़ टूट पड़ा है ऐसे कठिन समय में ईश्वर इस दुख की घड़ी में परिवार को दुख सहन करने का संबल प्रदान करें। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में पत्रकार राजदेव द्विवेदी, आलोक गुप्ता, लवलेश द्विवेदी, रिवेंद्र सिंह उर्फ रवि, सोनू तिवारी, शिवम शुक्ला, फूल कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### श्रावण मास के पहले सोमवार को भक्तों की रही भारी भीड़





**थरवई।** सोमवार को बड़ी ही भव्य तरीके से हर शिवालयों में भक्तों का लगा रह तांता। भोर से ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक का चलता रहा। श्रावण मास का पहला सोमवार पहले ही दिन पड़ा वहीं खास बात यह भी रहा की इसी माह में पांच सोमवार भी पड़ रहा है। आज सुबह भोर से ही भक्तगणों का मंदिर के लिए जलाभिषेक चलता रहा। थाना थरवई सहित थाना बहरिया एवं थाना नवाबगंज की फोर्स भी रही मौजूद, मेले क्षेत्र में अनावश्यक भीड़ न हो जिसमें जिसके दो व चार पहिया पर रोक लगाने को लेकर बैरियर व बैरिकेटिंग का प्रयोग मुख्य मुख्य स्थानों पर लगाए गए हैं। थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम अपनी टीम के साथ निरंतर निगरानी में जुटे रहे मेले में किसी प्रकार से गन्दगी ना फैले जिसके लिए स्वेच्छाकर्मी लगे रहे। वहीं एक दिन पूर्व ही मेले व मंदिर परिसर का निरीक्षक एसीपी थरवई चंद पाल सिंह, इंस्पेक्टर अरविन्द कुमार गौतम के साथ टीम द्वारा मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए मंदिर के लिए जाने वाले रास्तों में अतिक्रमण को हटवाया गया मेले की सुरक्षा व्यवस्था में जुटे रहे थाना थरवई प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार गौतम, अतिरिक्त निरीक्षक सतीश कुमार, वरिष्ठ उप निरीक्षक रविंद श्रीवास्तव उप निरीक्षक जितेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार चौबे, वीरेंद्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार यादव, दीपक सिंह, सोनू कुमार, महिला एस आई दिव्या यादव, प्राची यादव, रिचा वर्मा, निधि पटेल व हरि ओम, अमित कुमार, अजय चौहान, अशोक कुमार, राज कुमार वहीं थाना बहरिया से उप निरीक्षक रण विजय सिंह आदि कई पुलिस टीम में मौजूद रहे।

### अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में जुटे भक्त, मौके पर प्रशासन के साथ एसपीओ टीम तैनात



**नैनी।** नैनी सावन माह का आगाज सोमवार को होते ही भक्तजनों एवं श्रद्धालुओं की मंदिरों में दर्शन करने के लिए भीड़ लगी रही। नैनी कोतवाली अंतर्गत अरैल सोमेश्वर महादेव मंदिर में सुबह से ही भक्तों की लाइन लगी रही। नैनी कोतवाली प्रभारी यशपाल सिंह अरैल चौकी प्रभारी परमानंद अपने हमराहियों के साथ मौजूद रहे। इस बीच एसीपी करछना ने मौके पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं को परखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त यमुनानगर एसीपी करछना उपजिलाधिकारी करछना एवं नैनी कोतवाली प्रभारी के आदेशानुसार विशेष पुलिस अधिकारी एसपीओ पुलिस मित्र टीम एसपीओ टीम के नवनियुक्त एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार के नेतृत्व में सदस्यों की ड्यूटी सुबह से लगाई गई। इस दौरान एसपीओ प्रभारी अभयराज सिंह उप प्रभारी परवेज अहमद जनसंपर्क अधिकारी शेख लियाकत अली संगठन सचिव रविन्द्र सिंह थाना कमेटी प्रभारी रवि मिश्रा मीडिया प्रभारी वीरेंद्र पटेल एरिया इंचार्ज प्रदीप कुमार रामजी जायसवाल समीर खान दिनेश केसरवानी सोनू भारतीया सुरेन्द्र गुप्ता मयंक कुमार पंकज मलिक राजेश कुमार अश्विनी शर्मा फिरोज शुभम प्रजापति सरोज कुमार रामजी गौड़ आदि सदस्यगण मौजूद रहे।

### शिवालयों एवं घरों में भक्तों ने भोलेनाथ का पूजन अर्चन कर लिया आशीर्वाद



**सहसों।** श्रावण मास शुरू होते ही प्रथम सोमवार पड़ने से शिव भक्तों ने शिवालयों एवं घरों में भगवान भोलेनाथ की विधि विधान पूर्वक धूप, दीप, नैवेद्य के साथ पूजन, अर्चन एवं अभिषेक कर घंटा घड़ियाल बजाकर भोलेनाथ का जयकारा लगाते हुए मंगल कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किए। सहसों सहित क्षेत्र के टहलू शिवाला, नीबी, गारापुर, बुढ़वा बाबा मंदिर गुलालपुर एवं आदि शिव मंदिर में सोमवार की भोर से ही भक्त नर नारियों का दर्शन, पूजन, अर्चन एवं जलाभिषेक के लिए तांता लगा रहा। देवनहरी गांव निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने परिवार सहित दरवाजे पर स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आचार्य ओम प्रकाश शास्त्री के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार एवं श्रद्धा भक्ति के साथ भगवान देवादिदेव महादेव का विधि विधान पूर्वक धूप, दीप एवं पूजन, अर्चन कर रुद्राभिषेक के पश्चात महा आरती कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात भक्तों में प्रसाद वितरण किया गया।

### आस्था और भक्ति का प्रतीक है मनकामेश्वर भगवान भूतेश का शिवलिंग



**लालापुर।** लालापुर क्षेत्र के मनकामेश्वर धाम में सावन माह के प्रथम दिन सोमवार को 04 बजे भोर से ही शिव भक्तों ने जलाभिषेक किया।लालापुर क्षेत्र का सबसे प्राचीन शिव मंदिर है मनकामेश्वर धाम। शिव महापुराण के अनुसार भगवान राम ने वन गमन के समय मनकामेश्वर धाम शिवलिंग की स्थापना की थी। इस बार सोमवार से सावन का पवित्र महीना शुरू होकर 19 अगस्त 2024 तक रहेगा। इसे शिव का महीना माना जाता है, क्योंकि सावन, दक्षिणायन में आता है। जिसके देवता शिव हैं, इसीलिए इन दिनों उन्हीं की आराधना शुभ फलदायक होती है। सावन के दौरान बारिश का मौसम होता है। पुराणों के मुताबिक शिवजी को चढ़ने वाले फूल-पत्ते बारिश में ही आते हैं इसलिए सावन में शिव पूजा की परंपरा बनी। स्कंद पुराण में भगवान शिव ने सनत्कुमार को सावन महीने के बारे में बताया कि मुझे श्रावण बहुत प्रिय है। इस महीने की हर तिथि व्रत और हर दिन पर्व होता है, इसलिए इस महीने नियम-संयम से रहते हुए पूजा करने से शक्ति और पुण्य बढ़ते हैं। कहा जाता है कि जो भी भक्त आस्था और भक्ति के साथ मनकामेश्वर धाम में पूजा अर्चना करता है, भगवान शिव उसकी सारी मनोकामना पूर्ण करते हैं।

### हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर मनाया रीता जोशी का जन्मदिन

गल्ला-तिलहन व्यापार मंडल ने भी पूर्व सांसद को दी जन्मदिन की बधाई



**शंकरगढ़।** इलाहाबाद की पूर्व सांसद प्रो. रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। तमाम शुभेच्छुओं ने रीता जोशी के आवास पर पहुंचकर जन्मदिन की बधाई दी। यमुनापार के शंकरगढ़ क्षेत्र में कई स्थानों पर मंदिरों में पूजा-अर्चना कर दीघार्यु की कामना की गई। इसी क्रम में महिला अस्पताल शंकरगढ़ परिसर में स्थित हनुमान मंदिर में कस्बावासियों ने बजरंगबली की पूजा-अर्चना की और रीताजोशी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया। समाजसेवी रामखेलावन गुप्ता ने दीघार्यु की कामना करते हुए कहा, सरल व सौम्य स्वभाव के कारण प्रो. रीता बहुगुणा जोशी शंकरगढ़ वासियों के दिल में बस गई हैं। हर घर से उनका पारिवारिक सदस्य जैसा लगाव है। अनूप केसरवानी ने कहा, प्रो. रीता जोशी की सरलता और विद्वता ने उन्हे इस मुकाम तक पहुंचाया। इस मौके पर सुजीत केसरवानी, दीपक केसरवानी, रतन केसरवानी, राजेश केसरवानी, संजय केसरवानी, नितेश केसरवानी, बंटी केसरवानी, उमा वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। दूसरी तरफ इलाहाबाद गल्ला-तिलहन व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं व्यापारी नेता सतीश चंद्र केसरवानी ने व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों के साथ रीता जोशी के घर पर 75वें जन्मदिवस की बधाई दी और निरोगी जीवन की कामना की। बधाई देने वालों में व्यापारी नेता संतोष पनामा, बसंतलाल आजाद, रमेश चंद्र केसरवानी, राजेश कुमार केसरवानी, आनंद वैश्य सुदर्शन, राजकुमार सभानी, सुरेश केसरवानी पप्पू, राजेश केसरवानी आदि शामिल रहे।

# करेली में घर के भीतर महिला की हत्या, 20 लाख रुपये की लूट

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के भावापुर मोहल्ले में रविवार रात सनसनीखेज वारदात को अंजाम दिया गया। यहां महिला की हत्या कर बदमाश 15 लाख नकद और पांच लाख के गहने लूट ले गए। घटना के समय महिला घर में अकेली थी। शाम को बेटे के घर वापस आने के बाद घटना की जानकारी हुई। मुहल्ले में दो दिन से घूम-घूमकर चंदा मांगने वाले दो युवक शक के दायरे में हैं। फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। हत्यारों का सुराग नहीं लग सका है। मनीराम पाल मूल रूप से कानपुर के बिल्हौर के रहने वाले हैं। वह हाईकोर्ट के पास फोटोस्टेट की दुकान चलाते हैं और परिवार के साथ करेली के नयापुरवा मोहल्ले में किराए के मकान में रहते हैं। घर में पत्नी सुभद्रा (54) के अलावा बड़ा बेटा योगेश है. बहू 15 दिन पहले मायके चली गई थी, जबकि छोटा बेटा इन दिनों गांव में ही है। सचिन भावापुर चौराहे पर स्टेशनरी की दुकान चलाता है। सचिन ने बताया कि रोज की तरह सुबह साढ़े नौ बजे पिता दुकान चले गए। 12.30 बजे वह भी दुकान चला गया। इस दौरान मां घर पर अकेली थी. शाम छह बजे वापस आया तो मेन गेट बंद तो था लेकिन भीतर से कुंडी नहीं लगी थी। वह जैसे ही अंदर गया उसकी चीख निकल गई। मां बिस्तर पर खून से लथपथ पड़ी थी और सारा सामान बिखरा हुआ था। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोग जुट गए और फिर जानकारी पाकर पुलिस पहुंच गई। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर छानबीन की। डीसीपी नगर दीपक भूकर, एसीपी बैरहना पुष्कर वर्मा भी पहुंचे। परिजनों से बातचीत कर घटना की जानकारी ली। सचिन के अनुसार घर से 15 लाख रुपये और उसकी पत्नी के गहने जो करीब पांच लाख के थे गायब हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।





## झूंसी के आवासीय और ग्रामीण इलाकों में आज छह घंटे बाधित रहेगी बिजली

**झूंसी।** आरडीएसएस योजना के तहत 33 केवी नई झूंसी, 33 केवी आवास विकास कालोनी एवं 33 केवी उस्तापुर की सुदृढ़ीकरण और झूंसी में पीडीए की ओर से महाकुंभ के लिए कराए जाने वाले कार्य के कारण मंगलवार को सुबह 11 से शाम पांच बजे तक विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि महाकुंभ के कार्य के कारण झूंसी के गंगादीप, पाठशाला रोड, छतनाग रोड, नई झूंसी गोला बाजार, एडीए कालोनी, सरायतकी, मायापुरी कालोनी में बिजली आपूर्ति तकरीबन छह घंटे प्रभावित रहेगी। इसके साथ ही इलाहाबाद फीडर के तहत जिन गांवों में बिजली आपूर्ति होती है। वहां के नसीरापुर, अंदावा, मंजिलेपुर, पाल नगर, दुर्जनपुर, रहिमापुर, पटेल नगर, महेशपुर, बरियारी, रामपुर, बदरा-सोनौटी, कटका, शेरडीह छिबैयां, कनिहार, चमनगंज, नीबीकला, बजहां, हेतापुर, राजूपुर, भतकार, चकचुरावन, कमल्दी पुर ग्रामसभा की बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

## न्यूज झरोखा

### शहरवासियों को राहत मिलने पर महापौर का जताया आभार



**प्रयागराज।** शहर वासियों के दो साल पहले बढ़ाए गए पानी-सीवर के बिल में राहत मिलने से सोमवार को नगर निगम सभागार में बैठक कर पार्षदों ने महापौर गणेश केसरवानी के इस फैसले का स्वागत करते हुए उनका आभार जताया। शनिवार को नगर निगम कार्यकारिणी की नैनी के लवायन काल गांव स्थित मियावाकी पार्क में महापौर गणेश केशरवानी की अध्यक्षता में हुई बैठक में 2022-23 में बढ़े पानी, सीवर के बिल को निरस्त करने का पार्षदों ने प्रस्ताव रखा। जिसपर सहमति बनी और शहर वासियों को राहत देने के लिए दो साल के एरियर बिल को माफ करने वाले बिल पर महापौर ने मोहर लगा दी। सोमवार को नगर निगम के पार्षदों ने महापौर के शहर वासियों को दो साल का एरियर माफ करने वाले फैसले का स्वागत करते हुए उनका अभिनन्दन कर आभार जताया। पार्षद किरण जायसवाल,शिवसेवक सिंह उमेश मिश्रा ने कहा कि इस तरह के कड़े फैसले लेने के लिए ऐसे ही महापौर की प्रयागराज को आवश्यकता थी।

### शास्त्री पुल पर पूरे दिन रेंगते रहे वाहन



**झूंसी।** वाराणसी मार्ग वनवे होने की वजह से सावन के पहले सोमवार को झूंसी से लेकर चुंगी तक सभी वाहन रेंगते नजर आए। जाम तो नहीं लगा पर रह रह कर वाहनों के पहिये थम जा रहे थे। जिसकी वजह से पांच मिनट का सफर लोगों ने बीस मिनट में तय किया। सावन में निर्विरोध कांवर यात्रा के लिए रविवार रात से ही प्रयागराज-वाराणसी मार्ग वनवे कर दिया गया है। सोमवार को स्कूल, दफ्तर जाने वाले लोग जब निकले तो झूंसी और चुंगी की ओर जाम लगने लगा। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने वाहनों को लाइन में लगवाया तो धीरे-धीरे वाहन आगे खिसकने लगे। यह स्थिति पूरे दिन बनी रही और झूंसी से लेकर चुंगी तक वाहन रेंगते नजर आए। जाम में फसे कोर्ट जा रहे अधिवक्ता अशोक श्रीवास्तव का कहना था कि आवागमन वाले मार्ग पर बैरियर लगाए जाने राहत है और पुलिस इसी तरह मुस्तैद रही तो बहुत अधिक परेशानी नहीं उठानी पड़ेगी।

### भाजपा के कार्यकताओं ने पूर्व संसद का मनाया जन्मदिन



**नैनी।** नैनी शंकर ढाल पर पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी का भाजपा कार्यकताओं ने मनाया जन्मदिन वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव पार्षद दीपू जयसवाल वरिष्ठ पार्षद पवन यादव पार्षद राकेश जयसवाल के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने डॉक्टर रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिन मनाया भांगड़ा बजाकर भाजपा के सिंबल का समृद्ध चिन्ह देखकर उनको सम्मानित किया एवं वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव दीपू जायसवाल पवन यादव ने कहा कि डॉ रीता जोशी गरीबों के मसीहा है इनका कार्यकाल बहुत ही अच्छा रहा सभी कार्यकताओं का सम्मान रीता बहुगुणा जोशी करती थी आज हम लोग उनके जन्मदिन के शुभ अवसर पर उनका सम्मान करके गौरव महसूस कर रहे हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव सेक्टर प्रभारी प्रदीप तिवारी मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा महामंत्री उमेश सेन वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील कुशवाहा नित्यानंद मिश्रा रमेश पटेल पियूषकांत मिश्रा वह क्षेत्रीय लोग मौजूद थे।

### नैनी में पार्षदों ने पूर्व सांसद का जन्मदिन धूमधाम से मनाया




**नैनी।** नैनी चक रघुनाथ डाकखाने के पास आकाश होटल में पार्षद राकेश जयसवाल के नेतृत्व में पूर्व सांसद डाँ रीता बहुगुणा जोशी का जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया। पार्षद व व्यापार मंडल अध्यक्ष राकेश जयसवाल ने कहा कि दीदी ने महिला उत्थान एवं अनेक संवैधानिक हक के लिए संघर्ष, विकास और कई सफल आंदोलन से जननायक का अहसास कराया। इस अवसर पर यमुनापार के समस्त पार्षद और क्षेत्र के वरिष्ठ एवम कनिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे पार्षदगण राकेश जायसवाल, रणविजय सिंह, दिलीप जायसवाल, मयंक यादव, डॉक्टर रमेश भारतीय, प्रदीप महरा शास्त्री, बलराज पटेल, संजय पासी, अनूप पासी, पवन यादव, धरनीश प्रताप सिंह मंचू सिंह, दीपचंद्र मुन्ना प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय श्रीवास्तव, नरसिंह, प्रदीप कुमार तिवारी, सुनील कुशवाहा, धर्मराज पटेल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नैनी सेंट्रल जेल से गैंगरेप का 20 वर्ष सजायाफ्ता कैदी हुआ फरार

**नैनी।** नैनी सेंट्रल जेल के कृषि फॉर्म में काम करने के दौरान महोबा से गैंगरेप की सजा काटने आया सजायाफ्ता कैदी जेल सिपाहियों (वार्डर) को चकमा देकर फरार हो गया। शनिवार को काम से लौटने पर सर्किल में कैदियों की गिनती के दौरान जेल अधिकारियों को मामले की जानकारी हुई। जेल अधिकारियों ने नैनी व महोबा जिले की पुलिस को मामले की जानकारी देने के साथ ही लापरवाही में चार वार्डरों को निलंबित कर दिया है। महोबा की नगर कोतवाली के पसवारा इलाके के 28 वर्षीय कालीचरण को गैंगरेप के मामले में 20 वर्ष की सजा हुई थी। उसे नौ मार्च को नैनी सेंट्रल जेल भेजा गया था। शनिवार को कालीचरण को जेल सिपाही (वार्डर ) लेकर पुरानी महिला जेल के पीछे फॉर्म में कृषि कार्य के लिए ले गए थे। जेल सूत्रों के मुताबिक कालीचरण जेल सिपाहियों की नजर से बचकर लेप्रोसी रोड की ओर बनी बाउंड्री को पेड़ के सहारे लांघकर भाग निकला। सोमवार शाम तक जेल व पुलिस की टीम कालीचरण की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी। इस मामले में चारों जेल सिपाहियों (वार्डर) को निलंबित कर दिया गया है। शनिवार को रेप के मामले में सजा काटने आया एक सजायाफ्ता कृषि फार्म में काम करने के दौरान फरार हो गया। उसकी तलाश कराई जा रही है। मामले में चार वार्डर को सस्पेंड कर दिया गया है। रंग बहादुर, वरिष्ठ जेल अधीक्षक, सेंट्रल जेल नैनी।

20 वर्ष की सजा हुई थी। उसे नौ मार्च को नैनी सेंट्रल जेल भेजा गया था





## स्थायी लोक अदालत में दो सदस्य पदों के चयन/नियुक्ति हेतु करें आवेदन

**प्रयागराज।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया है कि स्थायी लोक अदालत प्रयागराज में दो सदस्य पदों पर चयन/नियुक्ति, कमेटी द्वारा किया जाना है। उन्होंने बताया है कि उक्त पद हेतु पात्र अभ्यर्थी अपना आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय, प्रयागराज में निर्धारित प्रारूप पर दिनांक 05.08.2024 की सायं 05:00 बजे तक जमा कर सकते है। आवेदन पत्र का प्रारूप जनपद न्यायालय की वेबसाइट एवं कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में उपलब्ध है। उन्होंने बताया है कि पात्रता की अर्हता के लिए अभ्यर्थी को लोक उपयोगी सेवा का पर्याप्त अनुभव हो, अधिकतम 5 वर्ष या 65 वर्ष की उम्र तक सेवा कर सकेंगे। उन्होंने बताया है कि चयनित सदस्य को मानदेय के रूप में 2 हजार रुपए प्रति बैठक एवं 5 हजार रुपए प्रतिमाह सवारी भत्ता के रूप में देय होगा।



## मंत्री सुरेश खन्ना बोले- बजट में रोजगार के अवसर होंगे

प्रयागराज में विकास कार्यों की समीक्षा की, महाकुंभ की तैयारियों को लेकर दिए दिशा निर्देश

**प्रयागराज।** यूपी के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना सोमवार को प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ बैठक की। महाकुंभ के मद्देनजर प्रयागराज में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। कार्यों की प्रगति की रिपोर्ट जानने के बाद उन्होंने कई जरूरी निर्देश दिए।सुरेश खन्ना ने कहा कि 2019 में हमारी सरकार ने कुंभ मेले का आयोजन करवाया था। जिसमें दुनिया भर से लोग पहुंचे थे। 2025 में होने वाला कुंभ मेला भी 2019 की तरह ही भव्य और दिव्य होगा।

**2025 का बजट जनकल्याण वाला बजट होगा :** कांवड़ यात्रा को लेकर जारी विवाद पर कहा, पीएम मोदी ने सबका साथ, सबका विकास का जो मंत्र दिया। हमारी सरकार उसी मंत्र के हिसाब से काम कर रही है। केंद्रीय आम बजट पर कहा कि ये बजट विकसित भारत की दिशा में सर्व समावेशी बजट होगा। जिसमें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। 2025 का बजट जनकल्याण की दिशा में काम करेगा।

## यूनाइटेड मेडिसिटी में धूमधाम से मनाया गया ओ. टी. टेक्नीशियन डे

मोमेंटो भेंट कर ओ.टी स्टाफ को किया गया सम्मानित



**प्रयागराज।** विकास खण्ड भगवतपुर के रावतपुर स्थित यूनाइटेड मेडिसिटी हॉस्पिटल में शनिवार को ओ. टी. टेक्नीशियन डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में यूनाइटेड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ० मंगल सिंह व हॉस्पिटल के चिकित्सा निदेशक डॉ० प्रमोद कुमार रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धन्वंतरि व भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। मुख्य अतिथि डॉ० मंगल सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि अस्पताल परिसर में बिना किसी अव्यवस्था के इस प्रकार का भव्य आयोजन अवश्य ही चुनौती पूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि पहली बार देख रहा हूँ कि किसी हॉस्पिटल में ओ०टी० टेक्नीशियन डे इतने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उन्होंने समस्त ओ०टी० स्टाफ को मोमेंटो भेंट कर उनका उत्साह वर्धन किया। ओ०टी० प्रभारी डॉ० प्रदीप साही ने ओ०टी० टेक्नीशियन डे के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि ओ.टी. में टेक्नीशियन के योगदान के बारे में बताने का अर्थ है सूरज को दीपक दिखाना। इसी क्रम में आई. सी. यू. इंचार्ज डॉ० प्रभाकर राय ने कहा कि टेक्नीशियन के बगैर सर्जन ओ. टी. में कुछ भी नहीं है। डॉ० राय ने ओ०टी० में टेक्नीशियन का अहम योगदान बताते हुए कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रसंशा किया। इस मौके पर ओ.टी. के टेक्नीशियन ने मौके पर उपस्थित लोगों को एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य, कविता, नाटक व रैंप वॉक में विभिन्न प्रदेशों के पोशाक के माध्यम से खूब मनोरंजन कराया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संजय भारती व धन्यवाद ज्ञापन प्रतीक कुशवाहा ने किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन आशीष मिश्रा ने किया। इस मौके पर आर०के० लाल, डॉ० ए०के० गुप्ता, डॉ० ए० डी० दुबे, डॉ० विदुषी, डॉ० पल्लवी, डॉ० अनस, डॉ० आभा, डॉ० विजिता, डॉ० नेहा, डॉ० शेखर व डॉ० श्रुति समेत सैकड़ों की संख्या में सर्जन, टेक्नीशियन व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## मऊआइमा पुलिस ने 40 लाख की अवैध बीयर के साथ दो को मय ट्रक दबोचा

594 पेटी बीयर को ट्रक पर लदे मऊआइमा रेलवे ओवरब्रिज के पास से पकड़ा

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय और एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि सोमवार को एक ट्रक पर 594 पेटी अंग्रेजी बीयर शराब जिसकी कीमत लगभग चालिस लाख बताई गई है।जिसे लादकर ट्रक से ले जाया जारहा था।मुखबिर खास की सूचना पर मऊआइमा रेलवे ओवरब्रिज के पास से इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह, आबकारी निरीक्षक शैलेन्द्र बहादुर,उप निरीक्षक उमाशंकर, अरविन्द यादव,उप निरीक्षक आकांक्षा द्विवेदी तथा कांस्टेबल रामकर, ओमप्रकाश सिंह, सुधीर कुमार,दुर्गा प्रसाद आदि ने घेराबंदी कर पकड लिए। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय और एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस गिरफ़्त में आए अवैध शराब माफिया ने एक ने अपना नाम राजदीप सिंह पुत्र लेखराज गुरूनानक नगर थाना डाबा लुधियाना पंजाब जबकि दूसरे ने अपना नाम पंकज कुमार पुत्र बूटा राम जनता नगर थाना डाबा लुधियाना पंजाब बताया। ट्रैक पर लदे 291पैटी मैगडावल क्वार्टर 180 एम एल,194 पेटी मैगडावल हाफ 375 एम एल,80पेटी मैगडावल 750 एमएल, 29 पेटी बीयर 355एमएल,कुल 594 अदद कीमत लगभग चालीस लाख अंकित की गयी है। डीसीपी गंगानगर अभिषेक भारतीय ने बताया कि बरामद अवैध शराब तस्करों के खिलाफ विधिक कार्यवाही की गयी है।

## मंदिर के दान पेटिका का ताला तोड़ हजारों रूपए चोरी

**सहंसों।** सिंगरामऊ गांव में बीती रात अरुण कुमार द्विवेदी के दरवाजे पर स्थित मंदिर की दान पेटिका का ताला तोड़कर उसमें रखे हजारों रुपए अज्ञात चोर चोरी कर फरार हो गए। थरवई थाना क्षेत्र के सिंगरामऊ गांव निवासी अरुण कुमार दुबे ने थाने में तहरीर देकर बताया कि 21/22 जुलाई की रात लगभग 1:30 बजे खटपट की आवाज सुनकर नींद खुली तो देखा कि बरामदे में चोर घूमते दिखाई दिए जो आवाज सुनकर भागने लगे। शोर मचाने पर वे पीछे वाले दरवाजे से भाग निकले। अरुण कुमार दुबे ने तत्काल इसकी सूचना पीआरबी पुलिस को दी। पुलिस मौके पर जाकर जांच पड़ताल की। सोमवार की सुबह अरुण कुमार दुबे ने थरवई थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 18 मई 2024 को मैं मनोरमा देवी निवासी घमसिरा रक्सवारा करारी से अपने जरूरी अभिलेख राष्ट्रीय बचत पत्र संख्या एस ए एस 75/ 014 3532 एजेंसी का कागजात पालीथिन में लेकर मंझनपुर नवीनीकरण हेतु जा रही थी रास्ते में एजेंसी का पूरा कागजात कहीं गिर गया है काफी खोजने के बाद कागजात नही मिल सका है उक्त कागजात का प्रयोग अवैध होगा और जिस सज्जन को मिले वह मेरे पते पर पहुँचाने का कष्ट करें।

**मनोरमा देवी घमसिरा रक्सवारा करारी जनपद कौशांबी 9648 592482**




## मुख्य विकास अधिकारी प्रयागराज की अध्यक्षता में संपन्न हुआ तहसील दिवस

**सोरांव।** सोमवार को तहसील दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार ने किया। जिसमें फरियादियों की समस्याओं को सुना और संबंधित विभाग के अधिकारियों को कार्रवाई करने का भी आदेश दिए। तहसील दिवस में कुल 294 शिकायती पत्र प्राप्त हुए। जिसमें सबसे ज्यादा राजस्व विभाग की 166 व पुलिस विभाग की 84 व विकास विभाग की 18 और अन्य विभाग के 26 शिकायती पत्र आए। जिसमें राजस्व विभाग के 8 शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं पुलिस उपायुक्त गंगानगर ने भी पुलिस विभाग की ज्यादातर शिकायतों को सुना और संबंधित थाना प्रभारी संग सहायक पुलिस आयुक्त को जल्द से जल्द निस्तारण करने का आदेश भी दिए। इस मौके पर उप जिलाधिकारी डॉक्टर गणेश चंद्र कनौजिया व तहसीलदार बृजेश कुमार ने भी राजस्व संबंधी समस्याओं से रूबरू हुए। और संबंधित अधिकारियों को मामले को निस्तारित करने का आदेश दिए। मौके पर खंड विकास अधिकारी सोरांव सुनील कुमार पटेल, उप खंड अधिकारी गौरव कुमार संग सभी विभागों के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## 16 - 22 जुलाई तक मनाए गए भूजल सप्ताह का हुआ समापन





**प्रयागराज।** सोमवार को ₹जल संरक्षण का करो प्रयास - जल ही है जीवन की आस₹ विषय बिन्दु पर केन्द्रित भूजल सप्ताह का समापन समारोह सरस हाल, विकास भवन में सम्पन्न हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि गौरव कुमार-मुख्य विकास अधिकारी महोदय रहे। मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा द्वीप प्रज्जवलन कर समारोह का उद्घाटन किया गया। इविवि की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत किया गया । खालसा गर्ल्स इंटर कालेज की प्रतियोगियो को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक के साथ प्रमाण-पत्र मुख्य विकास अधिकारी महोदय द्वारा दे कर सम्मानित किया गया। स्वागत अभिभाषण व संचालन रणविजय निषाद द्वारा किया गया । समापन महारोह में उपस्थित डा0 आर0पी0सिंह, प्रोफेसर इलाहाबाद विश्वविद्यालय द्वारा जल बचाव जीवन बचाओ विषयक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें जल संरक्षण के प्रति आम नागरिक की सहभागिता को आवश्यक बताया। रवि शंकर पटेल, हाइड्रोलाजिस्ट द्वारा दिनांक 16 से 22 जुलाई के मध्य विभाग द्वारा जनपद-प्रयागराज में जल संरक्षण के क्षेत्र में किये गये प्रयासों को पी0पी0टी0 के माध्यम अवगत कराया गया। अशोक कुमार मौर्या, जिला परियोजना निदेशक द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले स्वयं सेवी संगठनों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित करने के साथ-साथ जल संरक्षण हेतु शपथ दिलायी गयी। जिला परियोजना निदेशक जल संरक्षण हेतु समस्त नागरिकों से अपने आवासों में वर्षा जल संचयन प्रणाली लगवाने का आह्वाहन किया गया। समापन समारोह में भूगर्भ जल विभाग, लघु सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, इलाहाबाद विश्वविद्यालय, के अतिरिक्त विभिन्न विभागों के अधिकारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया गया । अन्त में सभा का समापन श्रीमती अर्चना सिंह हाईड्रोलाजिस्ट द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दे कर किया गया।

## अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य जबरन धमका कर रोकवाया, पुलिस से शिकायत



**करछना।** विकास खंड करछना के ग्राम पंचायत महोरी रीवा गांव में सरकारी स्वीकृत अंत्येष्टि स्थल निर्माण कार्य कराने के लिए सरकार द्वारा 24 लाख रुपए से निर्माण कार्य होना है जिस पर महीनों से कार्य निर्माण किया किया जा रहा है और लगभग 95 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो गया है कि रविवार को गांव के ही गिरीश चंद्र पांडेय ने जबरन अंत्येष्टि स्थल पर जा कर गुंडागर्दी दिखाते हुए कार्य कर रहे राजमिस्त्री व मजदूरों को गाली देते हुए जबरन कार्य रुकवा दिया जिससे सरकारी कार्य में बाधा डालने पर प्रधान राजकुमार पटेल ने लिखित शिकायत एसडीएम करछना से की एसडीएम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी करछना को आवश्यक कार्रवाई करने का दिशा निर्देश दें दिया है।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आगा हसन पुत्र सलाम उद्दीन निवासी चक बाजापुर थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी का रहने वाला हूं मेरे पाँच पुत्र हैं जिसमें मेरा चौथा नंबर का लड़का मोहम्मद रजा गलत संगत में गलत कार्य करता रहता है लाख समझाने के बाद मो रजा बात नहीं मानता है ना ही कोई बात सुनने को वह तैयार है यदि भविष्य में मोहम्मद रजा कोई गलत कार्य करता है या किसी भी प्रकार के गलत कार्य में संलिप्त रहता है तो मेरा उससे कोई सरोकार वा वास्ता नहीं होगा आगा हसन ने घोषणा किया है कि वह मोहम्मद रजा अपने चौथे पुत्र को अपने समस्त चल वा अचल संपत्ति से बेदखल कर दिए हैं मोहम्मद आगा हसन की संपत्तियों से अब मोहम्मद रजा का कोई लेना देना नहीं है।

**घोषणाकर्ता**
**आगा हसन पुत्र सलाम उद्दीन निवासी चक बाजापुर थाना मंझनपुर जनपद कौशांबी।**

# सावन के पहले सोमवार पर उमड़ी कांवड़ियों की भीड़

## भगवामय दिखा बाबा घुइसरनाथ धाम

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़/लालगंज।** सावन के पहले सोमवार के दिन नगर के बेल्हा देवी मंदिर, स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर सहित अनेक शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। सुबह नहा-धोकर लोगों ने मंदिरों में जाकर जलाभिषेक किया। लोगों ने कहा कि यह सबसे सुंदर अवसर है कि सावन के पहले दिन ही सोमवार पड़ा है और इस दिन का बड़ा महत्व होता है। इसको लेकर महिलाओं में चर्चा होती रही। इस दौरान बेल्हा देवी परिसर में पुलिस की सुरक्षा-व्यवस्था मुस्तैद रही।

लालगंज प्रतिनिधि के अनुसार बाबा घुइसरनाथ धाम भगवमय दिखाई दिया। इस तपती धूप पर श्रद्धालुओं की आस्था भारी पड़ी। कांवड़ियों की भीड़ आधी रात से ही इकट्ठा होने लगी। सुबह होते-होते पूरा धाम क्षेत्र कांवड़ियों के रंग में रंग गया। स्थानीय तहसील मुख्यालय से लगभग आठ किलोमीटर दूर स्थित बाबा घुइसरनाथ धाम के नाम से शिवजी का पौराणिक मंदिर है। बाबा धाम के आस-पास के साथ ही गैर जनपद के श्रद्धालओं की अटूट श्रद्धा धाम से जुड़ी हुई है। सावन माह में तो पूरा बाबा धाम का भक्तमय क्षेत्र देखते ही बनता है।सावन माह की शुरुवात वह भी सोमवार से यह भी एक संयोग ही है। इस पवित्र माह के पहले दिन धाम में भक्तो की भीड़ उमड़ी हुई दिखाई दी। बाबा धाम में चारों तरफ कांवडियो का जत्था भोर से ही गंगा जल से जलाभिषेक के लिए पंक्तियों मे खडे होकर अपनी बारी का इंतजार करते हुए दिखाई दिया। मंदिर का कपाट खुलते ही हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गुजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने शिवजी को जलाभिषेक कर पूजा व अर्चना कर आशीर्वाद मांगा।



बेल्हा देवी मंदिर में उमड़ी भीड़ व बाबा घुइसरनाथ धाम में जलाभिषेक करते श्रद्धालु।

### प्रशासन भी सुरक्षा को लेकर दिखा मुस्तैद

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** सावन मेले को लेकर प्रशासन भी सतर्क दिखा। मेले के साथ ही हर चैराहे पर सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की तैनाती देखी गई। शिवभक्तों को कोई असुविधा न हो इस तरफ भी प्रशासन की नजर दिखी। लालगंज, सांगीपुर व लीलापुर थाने की सुरक्षा बल के साथ पीएसी के जवानों की भी तैनाती देखी गई।

### आदि गंगा सई की अविरल धारा में विराजे शिव को निहारते रहे भक्त

**लालगंज, प्रतापगढ़।** आदि गंगा सई की अविरल धारा में विराजे शिवजी को दूर-दराज से आए भक्त निहारते ही रहे। श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन के बाद सई की बीच धारा मे छटा विखेर रही शिवजी की प्रतिमा के दर्शन को भी भारी संख्या में दिखाई दिए। वहीं लोगों ने ग्रह शांति के लिए मछलियों को दाना डालते हुए भी दिखे।

## पहले सोमवार को पौराणिक धाम बेलखरनाथ में उमड़ा जनसैलाब

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** श्रावण मास के पहले सोमवार को पौराणिक धाम बाबा बेलखरनाथ धाम में भोर तीन बजे से जलाभिषेक के लिए कांवड़िया सहित हजारों श्रद्धालु ने जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की सुबह 6 बजे तक धाम पर भारी संख्या में श्रद्धालु उमड़े पुलिस द्वारा जलाभिषेक करने पहुंचे कांवड़िया श्रद्धालुओं को कतार में खड़ा करके मंदिर परिसर में जलाभिषेक के लिए बारी बारी से भेजा जा रहा था। महिलाओं की अलग लाइन बनाई गई जिससे किसी तरह की समास्या न हो। भीड़ बढ़ती देख दिलीप पुर पुलिस व कधंई पुलिस ने जगदीश गढ़ चैराहे से लेकर खूझी कला गांव के पास बैरिकेडिंग लगाकर भारी वाहन को रोक दिया गया लोगों को पैदल दर्शन के लिए भेजा गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस सीसीटीवी कैमरे से अराजकतत्वों पर नजर रख रही है। इस दौरान सीओ पट्टी एस ओ दिलीपपुर विवेक कुमार मिश्र एस ओ कधंई अवन कुमार दीक्षित बद्री नाथ गिरि लाल बिहारी ओझा अजीत ओझा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## खरीददारी करने आ रहे युवक की बाइक मवेशी से टकराई

### डेढ़ माह के मासूम समेत चार घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाइक से पत्नी भतीजे व डेढ़ माह के मासूम के साथ खरीदारी करने जा रहा युवक मवेशी से टकरा गया। बाइक पर सवार चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। जहां से बाइक चालक की गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के नचरौला गांव निवासी गणेश कुमार (30) वर्ष अपनी पत्नी कंचन देवी भतीजे शशिकांत व डेढ़ माह के अपने बच्चे के साथ पट्टी बाजार खरीदारी करने के लिए आ रहा था। सोमवार को दिन में करीब 2 बजे जब वह आमापुर बाजार के समीप पहुंचा था कि अचानक सड़क पर एक आवारा मवेशी आ गया। जिससे टकराकर चारों गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस से सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां से गणेश कुमार की गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अन्य घायलों का इलाज सीएचसी पट्टी में किया गया।

## रेलवे अंडर ग्राउंड पुल के नीचे भरा हुआ पानी, रास्ता हुआ बंद

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक के परियावां रेलवे स्टेशन व गढ़ी मानिकपुर रेलवे स्टेशन के बीच बरियावां गांव के ग्रामीणो को रेलवे ट्रैक पार कर राजमार्ग पर आने व जाने के लिए रेल विभाग ने अंडर ग्राउंड पुल बनाया है जिसमें पुल के मुख्य रास्ते में प्रवेश करने के पहले रेल विभाग ने जमीन के लेबिल को ऊंचा नहीं किया जिससे बरसात होने पर सारा पानी पुल के रास्ते से बहता हुआ नीचे भर जाता है। पानी भरा होने व कीड़े मकोड़े के डर से ग्रामवासी नही निकल पा रहे है जो पगडड़ी के रास्ते से घूमकर सडक तक पहुंच रहे है। रेल विभाग की इस लापरवाही का खामियाजा गांव की जनता को भुगतना पड़ रहा है यदि रात बिरात कोई घटना हो जाय तो ग्रामवासियो को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। ग्राम वासियो ने रेल विभाग के उच्च अधिकारियो के साथ जिलाधिकारी राजीव रंजन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

## जर्जर व ढ़ीले विद्युत तार की समस्या को लेकर डीएम को भेजा शिकायती पत्र

**लालगंज, प्रतापगढ़।** स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र व रिहायशी मकानों की छतों के ऊपर से गुजरे एचटी लाइन के जर्जर व ढ़ीले विद्युत तारों से हर पल खतरा बना हुआ है। शिकायतों पर जिम्मेदारों द्वारा निदान न करने पर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिलाधिकारी से की है। विकासखण्ड लक्ष्मणपुर अन्तर्गत हण्डौर ग्राम पंचायत में बने निजी विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र व गांव के रिहायशी मकानों के ऊपर से एचटी लाइन का तार खींचा गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि एचटी लाइन के तार जर्जर व ढ़ीले है। जिसके चलते हल्की हवा से भी जर्जर व ढ़ीले तार आपस में टकरा जाते हैं और चिंगारी नीचे गिरती है। इससे हर पल अनहोनी का खतरा बना रहता है। गांव के अनूप तिवारी, अब्बास अहमद, मुस्ताक, बकई आदि ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर समस्या से निजात दिलाने की मांग उठाई है।

# एसडीएम के प्रयासों से चमका कुंडा का नवनिर्मित पंचवटी परिसर

### जिलाधिकारी ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** तहसीलदार आवास के सामने खाली पड़े अनुप्रयोज्य भूखंड पर एसडीएम कुण्डा के प्रयासों से बनकर तैयार हुए पंचवटी परिसर का आज विधिवत उद्घाटन हो गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने फीता काटकर इसका उद्घाटन किया उनके साथ जनपद के मुख्य विकास अधिकारी नवनीत सेहरा और पुलिस अधीक्षक डा0 अनिल कुमार भी मौजूद रहे। कुण्डा के एसडीएम व तहसीलदार ने भी उच्चाधिकारियों को पूरी जानकारी दी।

इस परिसर मे कानूनगो और लेखपालों के बैठने की क्षेत्र वाइज व्यवस्था बनायी गयी है वहीं दूसरी तरह नक्षत्र वाटिका और आदर्श तालाब के साथ पानी की टंकी और एक गौशाला भी बनायी गयी है। बताते चलें कि वर्षो से खाली पड़े इस भूखंड पर पहले सिर्फ मवालियों का जमघट लगा करता था। इस बेशकीमती जमीन पर भूमाफियाओं की नजर भी गड़ी थी, लेकिन एक वर्ष पहले कुण्डा के उपजिलाधिकारी पद पर स्थानांतरित होकर आये एसडीएम भरत राम ने इस संवारने का बीड़ा उठाया और इसे पंचवटी के रूप मे विकसित करने का संकल्प लिया। जनसहयोग से बने इस परिसर का आज जिलाधिकारी के हाथों से लोकार्पण हुआ तो लगा की यदि अधिकारी कृत संकल्पित हो तो विकास को पंख लगने से कोई नही रोक सकता। पंचवटी परिसर के उद्घाटन के मौके पर जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और मुख्य विकास अधिकारी के हाथो से वृक्षारोपण भी कराया गया। इस परिसर मे जहाँ केंद्र और प्रदेश की सरकारों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का विधिवत पटल पर जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी वही तहसील के कोने कोने से आने वाले ग्रामीणों को एक ही परिसर मे सभी आवश्यक जानकारियों के साथ सभी राजस्व कर्मियों की उपलब्धता आसानी से हो सकेगी। जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने अपने सम्बोधन मे एसडीएम की पीठ थपथपाई और उन्हे इस कार्य की बधाई दिया। इस मौके पर भारी संख्या मे अधिवक्ता, ग्राम प्रधान गण, नगर पंचायत के अध्यक्ष, तमाम सारे जनसामान्य लोग मौजूद रहे। एसडीएम कुण्डा ने अपने सम्बोधन मे सबका स्वागत किया और पधारने पर आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन लेखपाल संघ के अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने किया।



पंचवटी परिसर का फीता काटकर उद्घाटन करते डीएम संजीव रंजन।

## संग्रामगढ़ पुलिस ने भाई की जगह चचेरे भाई को भेजा जेल, आक्रोश

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के नरई निवासी अनुज सिंह शनिवार की शाम को अपने घर जा रहा था। रास्ते में संग्रामगढ़ थाने के सिपाही की बाइक से उसकी बाइक भिड़ गई जिस पर सिपाही अपनी खाकी का रौब दिखाते हुए अनुज की जमकर पिटाई किया। मामले की जानकारी होने पर आक्रोशित लोगों ने पुलिस कर्मियों को जमकर खरी खोटी सुनाई। आरोपित सिपाही ने जब इसकी सूचना संग्रह थाना प्रभारी को दिया तो मौके पर दल बल के साथ पुलिस नरई पहुंची तब तक वहां पर सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण लोग एकत्र हो गए। काफी मशक्कत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ। पुलिस ने बाइक सवार युवक अनुज सिंह को अपनी हिरासत

### सिपाही की बाइक में युवक की बाइक छू जाने से किया पिटाई

में लेकर संग्रामगढ़ थाने ले गई जिसे आरोपित पुलिस से सुलह समझौता कर छोड़ दिया। थोड़ी देर बाद बौखलाई पुलिस ने चचेरे भाई अंकुश सिंह को पकड़कर थाने ले गई जिसे थाने ले जाने के बजाय आरोपित सिपाही के पर्सनल कमरे में ले गये जंहा परिजनों के मुताबिक उसकी जमकर पिटाई की गई। पीड़ित परिजनों ने सीओ लालगंज को प्रार्थना पत्र देकर शिकायत किया कि संग्रामगढ़ थाने के चर्चित सिपाही ने उसके भाई को बाइक भिड़ने पर अपने कमरे मे ले जाकर जमकर मारा पीटा। पुलिस ने रविवार को अंकुश सिंह का विभिन्न धाराओं में चालान कर दिया। संग्रामगढ़ पुलिस की इस कार्य शैली को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।

# सुरेश कुमार के अनुसूचित जाति के जिलाध्यक्ष बनने पर कांग्रेसियों ने किया स्वागत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** सुरेश कुमार सरोज को अनुसूचित जाति विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किये जाने से जनपद में अनुसूचित जाति समाज के लोग कांग्रेस की विचारधारा से जुड़कर कांग्रेस को मजबूत करने का काम करेंगे।

उक्त बातें आज यहां जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर नवनियुक्त अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष सुरेश कुमार सरोज के स्वागत समारोह में अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहीं। बता दें कि अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने सुरेश कुमार सरोज को अनुसूचित जाति विभाग का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर मौजूद कांग्रेस जनों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी इस अवसर पर सुरेश कुमार सरोज ने कहा कि संगठन को मजबूत करने में कोई कोताही नहीं करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, नगर अध्यक्ष इरफान अली, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, राम लवट यादव, सेवादल अध्यक्ष महेंद्र शुक्ल, मो.रियाज,संजय इस्तियाक, राधेश्याम दूबे, सदर ब्लॉक प्रभारी मो.वसीम, रियाज सुलतान, बेलाल, जितेन्द्र कुमार, अख्तर अली आशू, मो.सईद, मो.नौशाद, रमाकांत चैधरी, सुनील सरोज, दीपक बौद्ध, मोहित चैधरी, विवेक गौतम आदि मौजूद रहे।



सुरेश कुमार का स्वागत करते कांग्रेसी।

## दरोगा को फ्री में मुर्गा नहीं देना पड़ा महंगा

### रास्ते में मारपीट कर पैसे छीनने की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** दरोगा को फ्री में देसी मुर्गा ना देना एक युवक को महंगा पड़ गया। आरोप है कि दारोगा ने मारपीट करने के साथ ही जेब में रखा पांच सौ रुपये भी छीन लिया। पीड़ित ने मामले की शिकायत एसपी से की है।मंगरौरा चैकी अंतर्गत पूरे देवजानी गांव के रहने वाले सक्कीर अहमद पुत्र बशीर ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोप लगाया है कि एक दरोगा ने कुछ दिन पूर्व उससे एक देसी मुर्गा फ्री में मांगे थे जिसे देने से उसने इंकार कर दिया था जिससे खुन्नस खाए दरोगा ने बीते रविवार की शाम 7 बजे के आसपास जब वह शिवगढ़ से वापस अपने घर लौट रहा था। उसी समय पीड़ित को चैकी के समीप खड़े दरोगा ने रोक लिया और हाथापाई करते हुए अभद्र व्यवहार किया और जेब में रखा पांच सौ रुपए भी छीन लिया। आरोप है कि इस दौरान दरोगा द्वारा पीड़ित को फर्जी मुकदमे में फंसा कर एनकाउंटर कर देने की धमकी दी गई। डरे सहमे पीड़ित ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस अधीक्षक से करते हुए न्याय की गुहार लगाई है। मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार ने जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

# बिजली से परेशान ग्रामीणों ने पावर हॉउस कालाकांकर का किया घेराव

### आक्रोश को देखते हुए आपरेटर ने सभी फीडर की सप्लाई किया बन्द

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** कालाकांकर पावर हॉउस से जुड़े क्षेत्र लाल सिंह का पुरवा के पच्चासों की संख्या में ग्रामवासी महिला पुरुष व बच्चो के साथ सोमवार को अचानक लगभग साढ़े दस पावर हॉउस पहुंच गये जंहा जमकर बिजली को लेकर नारेबाजी किया। पावर हॉउस मे डियूटी पर तैनात आपरेटर व लाइन मैन ने कालाकांकर बाजिदपुर व आलापुर की तीनो फीडर की सप्लाई बन्द कर दिया और फोन से अपने अधिकारियो को अवगत कराया।

आक्रोशित ग्रामवासी विभाग के जिम्मेदार अधिकारियो से पावर हॉउस में आने के लिए जिद पर अड़े रहे तीनो फीडर की सप्लाई बन्द होने व ग्रामीणो के आक्रोश देखते हुए विभाग मे हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेन्द्र ठाकुर कुंडा मे तहसील दिवस पर होने के कारण अपने उप निरीक्षकों को दल बल के साथ भेजा जंहा ग्राम वासी लोग अपनी जिद पर अड़े रहे।

ग्रामवासियो का कहना था कि हम लोग विगत 4-5 दिनों से ट्रांसफार्मर के जल जाने से भीषण गर्मी मे तड़प रहे है लेकिन विभाग कुछ नही कर रहा है। रविवार को विभाग ने दूसरा ट्रांसफार्मर भैरों बाबा के पास बदलकर आपूर्ति बहाल कराया जो कुछ देर बाद ट्रांसफार्मर खराब हो गया बिजली आपूर्ति से परेशान होकर मजबूरन अपना विरोध जताने के पावर हॉउस पहुँचे। लगभग सवा बारह बजे एस डी ओ कालाक़ांकर राहुल वैश्य पावर हॉउस पहुँचे और ग्रामवासियो से जानकारी लेते हुए उनके आक्रोश को शांत कराया और आश्वासन दिया कि 10 दिनों के अंदर 25 केवी ट्रांसफार्मर की जगह 63 केवी का ट्रांसफार्मर बदल दिया जायेगा भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए एसडीओ ने तत्काल 63 केवी का ट्रांसफार्मर मगाकर लाल सिंह का पुरवा की बिजली आपूर्ति को बहाल कराया जिससे ग्रामवासियो को राहत मिली और एसडीओ व लाइन मैन को तत्काल आपूर्ति बहाल करने पर ग्रामवासियो ने आभार जताया। इसके बाद सभी तीनो फीडर की आपूर्ति बहाल की गई और सभी वापस चले गये जिससे विभाग के साथ सभी फीडर के उपभोक्ताओं को बिजली बहाल होने पर राहत मिली। इस मौके पर विभाग के लाइन मैन शुभम सिंह, सुरेश भदौरिया, लल्लू, विकाश, बाबूलाल मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



पावर हाउस कालाकांकर पर मौजूद पुलिस व ग्रामीण।

## बाइक सवार भैंस से टकराया, जिला अस्पताल रेफर

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी-चांदा मार्ग पर बाइक सवार भैंस से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि जहां बाइक क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं बाइक सवार युवक भी गंभीर रूप से घायल हो गया। कस्बे के सधईपुर मोहल्ले के रहने वाले सजीवन वर्मा पुत्र महावीर (30) वर्ष चंदा की तरफ से पट्टी बाजार आ रहा था। इस दौरान वह आमापुर मोड़ के समीप पहुंचा था कि अचानक बाइक के सामने भैंस आ गई। जिससे वह भैंस से टकरा गया।

हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंचे पट्टी कस्बा इंचार्ज इंद्रेश कुमार ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायल को इलाज के लिए सीएससी भिजवाया और क्षतिग्रस्त बाइक कब्जे में लेकर थाने चली आई। घायल युवक की हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। सूचना पर परिजन भी अस्पताल पहुंच गए हैं। उधर पट्टी

### डाल पर सवार युवक पेड़ की डाली से टकराया, गंभीर

कोतवाली क्षेत्र के भूतों गांव निवासी सोनू पटेल उम्र 22 वर्ष सोमवार को डाला के पीछे बैठकर खाद लेने जा रहा था। जब वह रायपुर गांव स्थित पेट्रोल पंप के समय पहुंचा था कि डाला पर खड़ा हो गया। इस दौरान सड़क पर झुकी एक डाली उसके गले में जाकर टकरा गई जिससे वह डाला पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। गले पर गंभीर चोट होने के चलते उसे इलाज के लिए सीएचसी पट्टी लाया गया। जहां से गंभीर हालत के चलते प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## अवैध प्लाटिंग पर टेउंगा में चला बाबा का बुलडोजर



टेउंगा में प्लाटिंग की दीवार तोड़ता बुलडोजर।

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली क्षेत्र के नगर पंचायत प्रतापगढ़ सिटी के टेउंगा में भूमाफियाओं ने अवैध ढंग से 12 बीघे जमीन में प्लाटिंग कर रखी थी जिस पर प्रशासन की नजर पड़ी और जिलाधिकारी संजीव रंजन के निर्देशन में एसडीएम शहर उदय भान सिंह पुलिस बल के साथ राजस्व टीम को लेकर आज टेउंगा पहुंचे और प्लाटिंग पर बाबा का बुलडोजर चल गया। देखते ही देखते जितनी भी प्लाटिंग हुई थी, वह सब ध्वस्त कर दी गई। इस कार्यवाही की पूरे क्षेत्र में चर्चा है कि अवैध प्लाटिंग पर बाबा का बुलडोजर यहां भी चल गया। बता दें कि अवैध सम्पत्तियों तथा भूमाफियाओं पर मुख्यमंत्री आदित्यनाथ का बुलडोजर की चर्चा रहती है। इस बार शहर के नजदीक टेउंगा में भी देखने को मिली।

# तहसील मंझनपुर में डीएम एसपी ने जनशिकायतें सुनी

## सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** जनपद कौशाम्बी के सभी तहसीलों में सोमवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दियें। जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस एवं आईजीआरएस पर प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण/ समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश देते हुए, कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 75 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। समाधान दिवस में शिकायतकर्ता हरिओम निवासी ग्राम-बंधवा कल्यान ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति द्वारा उनके पट्टे की भूमि पर जबरन कब्जा कर लिया गया गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी मंझनपुर को प्रकरण की जांच कर पट्टे की भूमि से कब्जा हटवाने के निर्देश दियें। इसी प्रकार शिकायतकर्ता संध्या देवी निवासी ग्राम-देवरा ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि उनको कालोनी प्राप्त हुई है, जिसका निर्माण कार्य गॉव का ही दबंग व्यक्ति नहीं कराने दे रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी को प्रकरण की जॉच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा तहसील परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। तहसील सिराथू में कुल 82 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 05 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील चायल में कुल 49 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, सीएमओ डॉ. संजय कुमार एवं एसडीएम आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी की बिक्री के लिए इच्छुक व्यक्ति करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** जिला कृषि अधिकारी ने उर्वरक, बीज और कीटनाशी का व्यापार करने वाले इच्छुक व्यक्तियों को अवगत कराया है कि तीनों की बिक्री के लिए लाइसेंस प्राप्त करने की प्रक्रिया पूर्ण रूप से ऑनलाइन है। लाइसेंस नया/नवीनीकरण या फिर डुप्लीकेट कॉपी के लिए विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन कर सकते हैं। पोर्टल के माध्यम से प्राप्त ऑनलाइन आवेदन की कार्यालय द्वारा नियमानुसार सत्यापन की कार्यवाही पूर्ण करते हुए ऑनलाइन लाइसेंस जारी कर दिया जाता है। यदि आवेदन में कोई अभिलेख पूर्ण नहीं होते हैं तो, इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन पूर्ण करने के लिए, समय दिया जाता है। समस्त औपचारिताएं पूर्ण होने पर लाइसेंस निर्गत कर दिया जाता है। आवेदक लाइसेंस पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त कर सकतें हैं।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत किसानों को डीएम ने प्याज बीज का किया वितरण



**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को तहसील मंझनपुर सभागार में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत श्री महराजदीन ग्राम-शिवपुर बसोहनी, श्री अमित कुमार ग्राम-पिपरकुण्डी, श्री बनवारी लाल, मो० अजीम, विष्णुदत्त सिंह, श्रीमती चमेली, बीरेन्द्र कुमार दुबे, जगन्नाथ, चौबे लाल, संगम लाल एवं रवि श्याम आदि कृषकों को प्याज बीज का वितरण किया गया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि जनपद के लिए 620 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए खरीफ प्याज बीज वितरण का लक्ष्य प्राप्त हुआ। लगभग 150 हेक्टेयर क्षेत्रफल के लिए जनपद के 165 कृषकों को खरीफ प्याज बीज का वितरण किया जा चुका है इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ० रवि किशोर त्रिवेदी, जिला विकास अधिकारी, उप कृषि निदेशक, जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं जिला कृषि अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# अधेड़ की हत्या का पुलिस ने किया खुलासा तीन गिरफ्तार




**कौशाम्बी।** कोखराज क्षेत्र के अधेड़ की 13 जुलाई को चरवा थाना क्षेत्र में हत्या कर लाश को झाड़ियो में फेंक दिया गया था अधेड़ की हत्या का चरवा थाना पुलिस ने खुलासा करते हुए हत्यारोपी तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया और लिखा पढ़ी के बाद पुलिस ने हत्यारोपियों को अदालत में पेश किया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है

जानकारी के मुताबिक सदल उम्र 42 पुत्र मिश्रीलाल पासी निवासी मलखा महेवा भरवारी थाना कोखराज की 13 जुलाई की रात में तीन लोगों ने हत्या कर लाश को चरवा थाना क्षेत्र के रैया देह माफी के पास झाड़ियों में फेंक दिया था मृतक बारात में गया था जहां से आधी रात को मृतक बाइक से वापस लौट रहा था दूसरी बाइक से तीन लोगों ने उसका पीछा किया और गला घोट कर ईट पत्थर से कूचकर अधेड़ की हत्या कर शव को झाड़ियो में फेंक दिया था बाइक सवारों के आते जाते घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई और पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया पूछताछ में आरोपियों ने गुनाह कबूल कर लिया है। हत्याकांड का खुलासा करते हुए थाना चरवा पुलिस द्वारा हत्या के 03 वांछित अभियुक्तों कैलाश पुत्र रामबहोरे सरोज वा चंद्रबली पुत्र शिव मूरत सरोज वा शैलेश पुत्र किशोरी लाल सरोज निवासी अशरफपुर थाना संदीपन घाट को गिरफ्तार किया है विधिक कार्यवाही के पश्चात हत्याभियुक्तों को थाना पुलिस ने न्यायालय भेज दिया है जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया के जिला अध्यक्ष बने अवनीश पाण्डेय





**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोसल मीडिया के चेयरपरसन पंखुड़ी पाठक ने सूची जारी करके अवगत कराया है कि मोहम्मद मसरूर को सचिव तो वहीं अविनाश पाण्डेय को जनपद कौशाम्बी का सोसल मीडिया जिलाध्यक्ष बनाया गया नई जिम्मेदारी मिलने के उपरांत पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने खुशी जाहिर की और शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद व्यक्त किया इस मौके पर जिला अध्यक्ष कौशाम्बी कांग्रेस गौरव पाण्डेय, हंजला उस्मानी, तलत अजीम कौश्लेश द्विवेदी, सम्मु जाफरी अल्कामा उस्मानी उदय यादव शशि त्रिपाठी, अमित द्विवेदी, देवेश श्रीवास्तव, नुरूत जमा, सुनील यादव सहित पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने बधाई और शुभकामनाएं दीं। नव नियुक्त पदाधिकारी से जिला अध्यक्ष ने उम्मीद जताई है कि वह संगठन को आगे ले जाने में निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करेंगे।

# कूलर की तार जोड़ते समय बिजली करंट की चपेट में आए युवक की मौत

## घर पर हो रहा था सगाई उत्सव बदल गया मातम का शोर



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के अंदावा में कैलाश के घर पर उसकी बेटी की सगाई का उत्सव चल रहा था रिश्तेदारों के घर पर इकट्ठा होने और सगाई होने के बाद खाना खाकर रिश्तेदारों के सोने के लिए बिस्तर लगा कर कैलाश का भाई वहां पर कूलर लगा रहा था कूलर का तार लगाते वक्त बिजली के करंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि अंदावा गांव के छबीले 27 वर्ष पुत्र स्व त्रिलोकी प्रसाद के भाई कैलाश की पुत्री रेशमी की सगाई थी। सगाई वाले रसूलपुर काजी से आए थे सगाई के रस्म होने के बाद रिश्तेदारों को खाना खिलाया और सोने के लिए छबीले कमरे मे बिस्तर लगाकर कूलर लगा रहा था इसी बीच उसने तार जोड़ा और बिजली के करंट के चपेट में आने से घटना स्थल पर छबीले की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतक सूप बेचकर पत्नी सोनी और बच्चे कलश 5 वर्ष कार्तिक 3 वर्ष खुशी 2 वर्ष का पालन पोषण करता था भाई के बेटी कि सगाई के उत्सव में सब व्यस्त थे। लेकिन कमरे पर देर में पहुंचने पर वह मृत अवस्था पर पड़ा हुआ था। सूचना पर पहुंची हल्का पुलिस शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बिना लाइसेंस के चालक सड़कों पर दौड़ा रहे हैं दो हजार ई रिक्शा

**सड़क को सर्कस का मैदान समझकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही में इतनी उदारता क्यों**



**कौशाम्बी।** अवैध तरीके से सड़कों पर चलने वाले वाहनों में कार्यवाही करने का निर्देश बार-बार योगी सरकार दे रही है अवैध तरीके से संचालित वाहनों से दुर्घटनाएं बढ़ती हैं जिससे आम जनमानस परेशान होता है लेकिन कौशांबी जिले में अवैध तरीके से चलने वाले वाहनों पर एआरटीओ और पुलिस कार्यवाही करती नहीं दिख रही है जिससे दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं यदि बीते 6 महीने के आंकड़ों पर गौर करें तो ई-रिक्शा से सर्वाधिक दुर्घटनाएं हुई है लेकिन उसके बाद भी जिले के विभिन्न सड़कों पर दो हजारे से अधिक दौड़ रहे ई रिक्शा चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है सड़क पर उन्हें चलने का अधिकार नहीं है लेकिन फिर भी दो हजार ई रिक्शा बिना चालक लाइसेंस के सड़क पर दौड़ रहे हैं और पुलिस से लेकर के एआरटीओ विभाग के अधिकारियों को यह वाहन दिखाई नहीं पड़ रहे हैं आखिर बिना लाइसेंस के सड़कों पर दौड़ने वाले ई-रिक्शा चालकों पर कार्रवाई करने में इतनी उदारता क्यों है यह बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है ई रिक्शा चालकों की हालत यह है कि जहां मर्जी हुई वहां वाहन को आड़ा तिरछा मोड़कर खड़ा कर दिया जहां मर्जी हुई वाहन तेज गति से दौड़ा दिया आगे पीछे अगल-बगल से आने वाले वाहन चालकों को देखकर के ई रिक्शा चालक वाहन नहीं चलाते हैं जिससे दुर्घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं आखिर इन ई रिक्शा चालकों को यातायात नियमों का पाठ कौन पढ़ाएगा जिससे दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

## दो सगे भाइयों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** थाना संदीपनघाट पुलिस द्वारा 02 सगे भाई शंकर लाल वा संगम लाल वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दोनों भाइयों पर मारपीट संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज है अदालत के आदेश पर दोनों सगे भाइयों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया गया।

## 102 वाहनों पर ई चालान की कार्यवाही

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा सोमवार को बड़े स्तर पर वाहन चेकिंग की वाहन चेकिंग के दौरान अभिलेख अधूरे पाए जाने पर पुलिस ने 102 वाहन दो पहिया और चार पहिया वाहन पर ई चालान की कार्यवाही की है

## निरोधात्मक कार्यवाही में 10 गिरफ्तार

**कौशाम्बी** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान में साधारण मारपीट व शांति भंग करने में विभिन्न थाना पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया और संबंधित उप जिलाधिकारी की अदालत में आरोपियों को थाना पुलिस ने पेश किया है।

# तालाब में उतराता मिला सड़ा गला शव

**अखंड भारत संदेश**

## 3 दिन पहले घर से अचानक लापता हुआ था अधेड़ नहीं लगा था सुराग



**महेवाघाट कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव में सोमवार को तालाब में एक अधेड़ व्यक्ति का सड़ा गला शव मिला है शव से दुर्गंध उठ रही थी और सड़ कर बड़ा हो गया था तालाब में अधेड़ की सड़ी गली लाश मिलने की जानकारी मिलने के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई मौके पर पहुँची पुलिस ने मृतक में शव को तालाब से बाहर निकाल कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर गांव निवासी मिश्रीलाल सोनी उम्र 50 वर्ष पुत्र अदालती सोनी नशे का आदी था तीन दिन पहले शाम को वह शौच करने खेत की ओर गया था फिर वह वापस घर नहीं आया परिजन उसको इधर-उधर खोज रहे थे लेकिन कहीं सुहाग नहीं लग सका सोमवार की दोपहर को तालाब में शव उतराता देखकर ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को की मौके पर पहुँची पुलिस ने अधेड़ के शव को तालाब से बाहर निकाला तो मृतक की शिनाख्त मिश्रीलाल सोनी के रूप में हुई है कई दिन पुराना शव होने से पूरी तरह से सड़ गल गया था उससे दुर्गंध उठ रही थी जानकारी मिलने के बाद परिवार के लोग भी मौके पर पहुंच गए हैं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है अधेड़ की कैसे मौत हुई है यह रहस्य बना हुआ है।

# न्यूज झरोखा

## अपाचे सवार युवकों ने आगे जा रही बाइक पर बैठी महिला का मंगलसूत्र खींचकर हुए फरार



**टेढ़ीमोड़ कौशाम्बी** कड़ा धाम थाना क्षेत्र के दारानगर गांव के श्रीनाथ अपनी पत्नी मालती देवी और पुत्र मुकेश कुमार के साथ बाइक से सोमवार को सुबह करीब दस बजे कोखराज के बरक्कतपुर गांव अपने साढ़ू के यहां जा रहे थे। जैसे ही यह कोखराज थाना क्षेत्र के टेढ़ीमोड़ हाइवे पर पुल के ऊपर पहुंचे कि सैनी से मूरतगंज की तरफ जा रहे अपाचे सवार दो युवकों ने पीछे से बाइक के नजदीक पहुंचकर बाइक में पीछे बैठी मालती देवी के गले में पड़े मंगलसूत्र की खींच कर रफूचक्कर हो गए। मंगलसूत्र छीनकर भाग रहे अपाचे सवार युवकों को पकड़ने के लिए पिता पुत्र मदद के लिए गुहार लगाते रहे। लेकिन पुल के ऊपर सुनसान होने के कारण किसी को कुछ पता नहीं चला। उसके बाद भुक्तभोगी शहजादपुर पुलिस चौकी पहुंचकर अपने साथ हुई छिनैती की घटना की जानकारी दी। लेकिन पुलिस के प्रयास के बाद भी कुछ हाथ नहीं लगा।

## कृषकों को कोदो, रागी, ज्वार एवं बाजरा का मिनी बीज किट डीएम ने किया वितरित

**कौशाम्बी** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सोमवार को तहसील मंझनपुर सभागार में केन्द्र सरकार और प्रदेश सरकार की प्राथमिकता कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा संचालित श्री अन्न योजना के अन्तर्गत कृषक सुमरित लाल पुत्र रामदुलारे ग्राम-बरलहा दुर्गा प्रसाद पुत्र बिन्देश्वरी ग्राम-कोतारी पश्चिम को बाजरा की मिनीकिट तथा वासुदेव पुत्र छोटेलाल ग्राम-पाता नरेन्द्र कुमार पुत्र रामदेव ग्राम-गौरा इन्द्रजीत पुत्र बिन्देश्वरी प्रसाद ग्राम-भेलखा अभयराज पुत्र रामलखन ग्राम-भेलखा विश्वनाथ पुत्र रामफल ग्राम-नेवारी पंचमलाल पुत्र देवदत्त ग्राम-कोतारी पश्चिम को रागी की मिनीकिट एवं दादूराम पुत्र धर्मपाल ग्राम हिसामपुर को ज्वार की मिनीकिट तथा सत्यनाराण पुत्र शीतल प्रसाद ग्राम-कोतारी पश्चिम धनंजय सिंह पुत्र मलखान सिंह ग्राम-भेलखा एवं रामलौटन पुत्र भैयालाल ग्राम-भेलखा को कोदों मिनीकिट बीज का वितरण किया गया।इस अवसर पर उप कृषि निदेशक सतेन्द्र कुमार तिवारी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## स्कूल और पुलिस चौकी के बगल में बिक रहा गाँजा

**सैय्यद सरावा कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के पुलिस चौकी बरियावा के बगल में गोमती से गाँजा की खुलेआम बिक्री हो रही है पुलिस चौकी के पास जूनियर और प्राथमिक विद्यालय संचालित होता है जिससे बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है बरियावा गांव में बरियावा पुलिस चौकी के जस्ट बगल में अवैध तरीके से गांजा की सप्लाई गोमती वाला कर रहा है लेकिन चौकी पुलिस को गाँजा बिक्री की जानकारी मिलती है या फिर वह जानबूझकर अनजान बनी है यह तो अफसरो के जांच का विषय है। प्राथमिक विद्यालय तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय बरियावा होने के बावजूद भी अवैध तरीके से गोमती रखकर गुटका पान सुपारी के साथ-साथ गांजा की भी बिक्री का माफिया बना फिर रहा है जिसमें विद्यालय के अध्यापकों का ज्यादा हाथ है शिक्षा विभाग का कोई भी अधिकारी विद्यालय पहुचते हैं तो उनको यह नहीं दिख रहा कि गुटका बीड़ी सिगरेट पान मसाला सुपारी खाते हुए देख बच्चों का मन भी इन नशीली वस्तुओं को खाने पर लगेगा अबोध बालक को समझ और समझाने की क्षमता अध्यापकों की है उसके बावजूद भी अध्यापक अपने स्कूल का एक कमरा इस गोमती वाले को दे करके उसका सामान रखवाते हैं जिसकी एवज में अध्यापक किराया भी वसूलते हैं या यह कह लिया जाए कि गांजा बिक्री में अध्यापकों की भी भूमिका है इन अध्यापकों पर भी गाँजा बिक्री में लगे माफिया को संरक्षण देने पर कार्रवाई किए जाने की जरूरत है।

# तालाब में डाला जहर मछलियों के मरने से उठ रही दुर्गंध



**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नौढिया करेटी के बगल में स्थित तालाब में पट्टाधारक के द्वारा हजारों मछलिया पाली गयी थी बड़ी मछली पट्टा धारक ने निकाल कर के बेच लिया है छोटी-छोटी मछली बची थी इसी में जहर डाल दिया है जिससे तड़प तड़प कर मछली मर गई तालाब में मछली मर जाने से उसमें दुर्गंध उठ रही है जिससे लगातार कई दिनों से स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों वा शिक्षकों को दिक्कतों से जूझना पड़ता है स्कूल का वातावरण दूषित हो रहा है जहर देकर मछलियों के मरने से विद्यालय परिसर ग्रामीणों को तालाब में मरी मछलियों से उठ रही दुर्गंध से छोटे छोटे बच्चों को बीमारियों का खतरा बढ़ गया है लेकिन पट्टा धारक को सूचना देने के बाद भी सफाई नही किया गया जिससे गम्भीर बीमारियों को जन्म देने वाले इस पट्टा धारक के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए ग्रामीणों व विद्यालय के अध्यापकों ने अधिकारियों को अवगत कराया है और मछली मर जाने के बाद बढ़ रही दुर्गंध को रोकने के लिए कहा हैं। गौरतलब है कि अक्सर देखा जाता है कि मछली पालने वाले पट्टाधारक बैंक से लोन लेकर मछली का पालन करते हैं और बाद में बीमा करवा कर के मछली को सुरक्षित करते हैं उसके बाद अक्सर देखा जाता है की मछली पट्टा धारक तालाब से बड़ी मछलियों को बेचकर लाखों की कमाई कर लेते हैं और उसके बाद खुद तालाब में जहर डालकर मछलियों को मार कर यह हल्ला मचाने लगते हैं कि उनके तालाब में किसी दूसरे व्यक्ति ने जहर डाल दिया है जिससे उनकी मछलियां मर गई है और उन्हें बड़ा नुकसान हुआ है बैंक को सूचना देकर वह यह फ्राड कर के बीमा का लाखो का लाभ लेना चाहता है फोटो में देखें बड़ी मछली दिखाई नहीं पड़ रही है छोटी-छोटी मछली मरी है कहीं पट्टा धारक की साजिश तो नहीं है प्रकरण बेहद गंभीर है और जांच करवा कर सच्चाई उजागर करने की जरूरत है जिससे मछलियों को जहर देने वाले का चेहरा बेनकाब हो सके दूसरी तरफ तालाब में उठ रही दुर्गंध को तत्काल रोकने की जरूरत है वरना गांव के साथ-साथ स्कूली बच्चे विभिन्न बीमारियों के शिकार होंगे।

# थाना पुलिस की अदूरदर्शिता में लग गया जंग

**अखंड भारत संदेश**

**हकीकत सुनने समझने के लिए थाना पुलिस तैयार नहीं है जिससे थाना पुलिस के कार्यों पर सवाल खड़ा होना लाजमी है**

**मनमानी तरीके से घटनाओं का खुलासा कर पुलिस अधिकारियों को लगातार गुमराह कर रही है थाना पुलिस**

**कौशांबी।** बिभिन्न थाना क्षेत्र में बढ़ते अपराध पर अंकुश लगाने में असफल हो चुकी थाना पुलिस अब सच्चाई लिखने बोलने पर खीझ जाती है वह सच्चाई सुनने को तैयार नहीं है बल्कि मनमानी तरीके से घटनाओं का खुलासा कर पुलिस अधिकारियों को लगातार गुमराह कर रही है जिससे अपराध में बढ़ोतरी हुई है और बड़ी घटनाओं के अपराधी बेखौफ है लगातार हो रही हत्या की घटनाओं को आत्महत्या दुर्घटना बताने वाली थाना पुलिस की आदूरदर्शिता में जंग लग गया है हत्या की घटनाओं में सूक्ष्म विवेचना कर हत्यारो को गिरफ्तार कर उन्हें दंडित करने के बजाय थाना पुलिस लगातार हत्याकांड की घटनाओं को दुर्घटना और आत्महत्या साबित कर जहां एक ओर हत्यारो को बचाने का प्रयास कर रही है वहीं दूसरी ओर वह घटना की सच्चाई से पुलिस अधिकारियों को भी लगातार गुमराह कर अपनी पीठ खुद थपथपा रही है जिससे लगातार पुलिस वर्दी कलंकित हो रही है ताजा मामला कोखराज थाना क्षेत्र के जमाल मऊ गांव में 21 जुलाई को तालाब में मिले महेंद्र कुमार के शव का है मौके पर मिले शव में तमाम ऐसे साक्ष्य मौजूद है जो इस घटना को दुर्घटना आत्महत्या मानने से इनकार कर रहे हैं घर से गायब होने की सूचना भी पुलिस को नहीं दी गई थी जिससे परिवार के लोग भी संदेह में है घटनास्थल पर मिले परिस्थिति जन्य साक्ष्य खुलेआम हत्या कर शव ठिकाने लगाए जाने की गवाही दे रहे हैं लेकिन थाना पुलिस हत्या मानने को कतई तैयार नहीं है इलाके में तेजी से बढ़ रहे बड़े अपराध और हत्या की घटनाओं के खुलासे के मामले में थाना पुलिस की लापरवाही के मामले की स्थिति इतनी खराब हो गई है कि वह हकीकत की खबर लिखने और बोलने पर खीझ जाती है हकीकत सुनने समझने के लिए थाना पुलिस कतई तैयार नहीं है जिससे थाना पुलिस के कार्यों पर सवाल खड़ा होना लाजमी है आखिर अपराधों की हकीकत के खुलासे में थाना पुलिस इतनी लापरवाह क्यों है इसके पीछे थाना पुलिस की मंशा क्या है यह बड़ी जांच का विषय है कोखराज क्षेत्र में तालाब में मिले मृतक के शव में चड्डी पहने हुए था जिससे सवाल खड़े हो गए हैं की चड्डी पहनकर कोई शौच क्रिया नहीं करेगा और शौच के बाद चड्डी पहनकर मलद्वार की धुलाई नहीं करेगा और यदि शौच के दौरान वह तालाब में डूबने लगा तो उसके पास चड्डी पहनने का समय नहीं होगा जिससे शौच के दौरान तालाब में डूबने की घटना से इनकार किया जाता है।

## संपादक की कलम से

# नेपाल की नयी सरकार के साथ खुले दिमाग से पेश आना होगा

भारत और चीन के बीच रास्ता बनाने के अपने वर्तमान जुनून को पार करने के लिए, नेपाल को अपने अंतरराष्ट्रीय कद और जुड़ाव को व्यापक बनाना होगा। क्षेत्रीय सीमाओं से आगे बढ़ते हुए, काठमांडू को अपने निकटतम पड़ोसियों से परे भी गठबंधन तलाशना चाहिए। यह रणनीतिक बदलाव नेपाल को वैश्विक मंच पर उभार सकता है, तथा उसे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी के रूप में स्थापित कर सकता है। नेपाल में सीपीएन (यूएमएल)नेता केपी शर्मा ओली के नेतृत्व में एक नयी सरकार ने सत्ता संभाली है। ओली 21 जुलाई को संसद में विश्वास मत हासिल करने के लिए तैयार हैं। साथ में सीपीएन (यूएमएल)और नेपाली कांग्रेस के गठबंधन के पास निचले सदन में कुल 167 सीटों के साथ एक आरामदायक बहुमत है, जो 138 सीटों की आवश्यक सीमा को पार कर जाता है। इससे ओली का विश्वास मत एक सीधी प्रक्रिया प्रतीत होती है। नेपाल, एक छोटा सा भू-आबद्ध देश है जो अपने ऊंचे हिमालय पर्वतों के लिए जाना जाता है। यह देश भारत और चीन के बीच अपने रणनीतिक स्थान के कारण भी महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक महत्व रखता है इसलिए दोनों देश नेपाल में अपने-अपने प्रभाव के लिए होड़ करते हैं। भारत नेपाल में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा राजनयिक मिशन रखता है, जो नेपाल के सामरिक महत्व और देश के मामलों में भारत की गहरी रुचि को रेखांकित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका और कई यूरोपीय देश नेपाल में होने वाले घटनाक्रमों पर बारीकी से नजर रखते हैं, क्योंकि वे इस क्षेत्र की भू-राजनीति में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, चीन भी नेपाल में अपने प्रभाव को सक्रिय रूप से बढ़ा रहा है, खास तौर पर विभिन्न बुनियादी ढांचे और विकास परियोजनाओं के जरिए। 2015 की घटना के नेपाली संस्करण के अनुसार, भारत ने उस वर्ष नेपाल पर आर्थिक नाकेबंदी लगाई थी, तथा भारत की सीमा से लगे मैदानी इलाकों में रहने वाले मधेसी समुदाय पर नये संविधान के प्रभाव को लेकर चिंता जताई गई थी। इस नाकेबंदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया था, लेकिन कई महीनों के बाद इसे हटा लिया गया, जिससे नेपाली जनता की भावना में अधिक संतुलित विदेश नीति दृष्टिकोण की ओर बदलाव आया। केपी शर्मा ओली ने पहले प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया, लेकिन भारत के साथ नेपाल के ऐतिहासिक संबंधों के बावजूद, अपने कार्यकाल के दौरान चीन की ओर झुकाव के लिए उन्हें आलोचना का सामना करना पड़ा। उनके प्रशासन ने चीन के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर किये, हालांकि भारत तक आसान पहुंच की तुलना में नेपाल के कठिन भूभाग द्वारा उत्पन्न रसद चुनौतियों के कारण कई समझौते अभी तक मूर्तरूप नहीं ले पाये हैं। ओली के चीन समर्थक रुख से असंतुष्ट होने के बाद, उनकी सरकार की लोकप्रियता कम हो गई, जिसके कारण 2019 में उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ा। इसके बाद, पुष्पकमल दहल 'प्रचंड' ने नेपाली कांग्रेस और सीपीएन (यूएमएल) के समर्थन से प्रधानमंत्री की भूमिका संभाली, तथा अपने कार्यकाल के दौरान वह कई अविश्वास प्रस्तावों से निपटे। अब केपी शर्मा ओली के सत्ता में लौटने के साथ, इस क्षेत्र के देश बड़ी बारीकी से देख रहे हैं कि उनका नेतृत्व नेपाल के नाजुक भू-राजनीतिक संतुलन और भारत और चीन के साथ उसके संबंधों को कैसे प्रभावित करेगा। उनका आगामी विश्वास मत आने वाले महीनों में नेपाल के शासन की स्थिरता और दिशा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण होगा। नेपाल में एक नई सरकार को एक गंभीर दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है जो बेरोजगारी और शिक्षा जैसे पुराने मुद्दों को संबोधित करे। स्थायी समाधान की कुंजी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता और पर्याप्त निवेश में निहित है। नेपाल के शासन में राजनीतिक अस्थिरता की विशेषता रही है, जो राष्ट्र निर्माण और संस्थागत विकास और आर्थिक प्रगति में बाधा डालती है स्थायी परिणाम प्राप्त करने के लिए नागरिकों, नीति निमार्ताओं और हितधारकों की ओर से धैर्य और प्रतिबद्धता के साथ भागीदारी की आवश्यकता होती है। नेपाल की भविष्य की सफलता के लिए तर्कसंगत दृष्टिकोण अपनाना और यथार्थवादीअपेक्षाएं निर्धारित करना महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, मीडिया और बुद्धिजीवी अक्सर राजनीतिक घटनाक्रमों को सनसनीखेज बनाते हैं, अस्थिरता को बनाये रखते हैं, और राष्ट्रीय विकास के लिए महत्वपूर्ण दीर्घकालिक लक्ष्यों से ध्यान भटकाते हैं। नेतृत्व परिवर्तन का आवर्ती चक्र, जिसका उदाहरण केपी शर्मा ओली के कार्यकाल में हुए बदलाव हैं, निरंतर चुनौती को दशार्ता है। केवल भू-राजनीतिक पैंतरेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के बजाय, नेपाल की समृद्धि का मार्ग आंतरिक चिंतन और एक दशक या उससे अधिक समय तक जमीनी स्तर पर निरंतर प्रयासों पर टिका है। तभी जाकर नेपाल पड़ोसी भारत के साथ संबंधों जैसे बाहरी चिंताओं से सार्थक रूप से जुड़ सकता है।

## भारत में समान नागरिक संहिता

सर्वोच्च अदालत ने एक बार फिर इसका आग्रह किया है कि देश में समान नागरिक संहिता लागू की जाए। । संविधान में इसका प्रावधान है। संसद और भारत सरकार यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि देश संविधान से चलेगा अथवा शरिया कानून भी संवैधानिक माना जाता रहेगा? मुसलमानों के पर्सनल लॉ पर प्रहार करने की नीयत और मानसिकता किसी की नहीं है। पर्सनल लॉ तो सिख, ईसाई, पारसी, जैन, बौद्ध आदि समुदायों के भी हैं। आदिवासी कबीलों से तुलना नहीं की जा सकती, क्योंकि मुस्लिम देश की दूसरी बहुसंख्यक आबादी हैं। जो मुद्दे सामुदायिक और राष्ट्रीय किस्म के हैं, धर्म, मजहब, जाति से ऊपर हैं, कमोबेश उनके संदर्भ में अब ह्यभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिताह्ल (बीएनएसएस) की धाराएं लागू होनी चाहिए। वे हिंदू-मुस्लिम समेत सभी समुदायों पर, समान रूप से, प्रभावी होनी चाहिए। यही समान नागरिक संहिता का निष्कर्ष है।

मुद्दे की बात यह है कि शरिया और कुरान की आड़ में छिपने वाला मुसलमान सबसे पहले ह्यभारतीयह्ल है और यही उसकी पहचान है। यदि देश भर में समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी, तो संभव है कि मुस्लिम इतना भडक जाएं कि हिंसा का माहौल बन जाए! घरेलू हिंसा से उपजे हालात सांप्रदायिक दंगों में तबदील हो जाएं! तेलंगाना में सरेआम संवैधानिक प्रावधानों और बाल विवाह कानून समेत कई कानूनों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। किशोर बच्चियों का दैहिक शोषण किया जा रहा है। संसद 2019 में तीन तलाक के खिलाफ विधेयक पारित कर कानून बना चुकी है। फिर भी मुस्लिम मर्द 15-16वीं सदी के समाज में जीना चाहता है!

भारत एक संवैधानिक गणतंत्र है अथवा केला (बनाना)गणतंत्रङ्घ! क्या ऐसा संवैधानिक उल्लंघन जारी रहेगा? मुद्दा सर्वोच्च अदालत के हालिया फैसले से फिर उभरा है। दो न्यायाधीशों की पीठ का आदेश है कि मुस्लिम मर्द (पति) तलाकशुदा पत्नी को न्यायिक गुजारा-भत्ता देगा। अदालत के इस फैसले के तुरंत बाद मुस्लिम धर्मगुरु, मौलाना, नेता, विशेषज्ञ आदि चीखने लगे, बौखला उठे और तिलमिलाने लगे कि यह फैसला शरिया के खिलाफ है।

शरिया और कुरान में मुस्लिम तलाकशुदा औरत को गुजारा-भत्ता का कोई जिक्र नहीं है। मामले को 1986 के ह्यशाहबानो प्रकरणह्ल की ओर मोड़ा जाने लगा है। उस समय संसद ने सर्वोच्च अदालत का फैसला पलट दिया था और तत्कालीन सरकार ने मुस्लिम मौलानाओं के दबाव में, वोट की खातिर, घुटने टेकते हुए ऐसा कानून बनाया, जो आत्मा से मुस्लिम औरत के खिलाफ था। शाहबानो भी 40 साल के वैवाहिक जीवन और 5 बच्चों को जन्म देने के बाद सडक पर आई थी, लिहाजा उसे अदालत की शरण में जाना पड़ा।

# संसद सत्र : कठघरे में होगी सरकार

सोमवार से प्रारम्भ होने जा रहे संसद के मानसून सत्र में नयी सरकार की बड़ी घेराबन्दी तय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी बहुत कमजोर कदमों से सरकार के रूप में संसद भवन पहुंची है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबन्धन 2014 एवं 2019 की तुलना में बड़े आकार, एकजुटता और बढ़े हुए मनोबल के साथ संसद के दोनों सदनों में दहाड़ मारने को तैयार है। लोकसभा का पहला सत्र 22 जून से 2 जुलाई और राज्यसभा का सत्र 27 जून से 3 जुलाई तक हुआ था, जिसमें विपक्ष अपने दम की झलक दिखा चुका है। इस बीच राज्यसभा में भाजपा व उसके सहयोगी गठबन्धन नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस का घटा हुआ बहुमत सत्ताधारी दल को बैकफुट पर बैटिंग करने को मजबूर करेगा। पिछले सत्र में नीट परीक्षा के पेपर लीक का मामला जोर-शोर से उठा था, जो अब भी गरमाया हुआ है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नतीजे घोषित करने के आदेश के सन्दर्भ में सरकार की मुश्किलें बढ़ी हुई तो रहेंगी ही, अन्य और भी कई मुद्दे सरकार को परेशान करते रहेंगे।

12 अगस्त तक इस सत्र के चलने की सम्भावना है। मंगलवार को आम बजट पेश किया जायेगा जो नयी सरकार का पहला बजट होगा। इसे मोदी सरकार की पहली परीक्षा बतलाई जा रही है। भाजपा सरकार जिन दो दलों के समर्थन पर मुख्यतया टिकी हुई है, वे दोनों ही केन्द्र सरकार से भारी-भरकम



आर्थिक पैकेजों की अपेक्षा कर रहे हैं। आंध्रप्रदेश की तेलुगु देसम पार्टी और बिहार का जनता दल यूनाइटेड क्रमशः 16 तथा 12 सांसदों के साथ इस उम्मीद से समर्थन दे रहे हैं कि उन्हें विशेष राज्य का दर्जा दिया जायेगा। हालांकि अब राज्य की यह श्रेणी एक प्रकार से अस्तित्व में नहीं रह गई है लेकिन उसकी भरपाई अगर बड़ी राशि प्रदान करने से होती है तो अन्य राज्यों में सरकार एवं भाजपा के प्रति असंतोष बढ़ेगा, विशेषकर जिन राज्यों में भाजपा को शानदार सफलता लोकसभा और विधानसभा चुनावों में मिली है। ये राज्य हैं- छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, राजस्थान, ओडिशा आदि। यदि उनके साथ भेदभाव हुआ तो पार्टी अनुशासन के चलते इसकी खुली प्रतिक्रिया चाहे न हो, लेकिन असंतोष बढ़ेगा। केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के लिये टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू और जेडीयू सुप्रीमो नीतीश कुमार को साधना चुनौती रहेगी।

यह सत्र ऐसी परिस्थितियों में हो रहा है जब न सिर्फ सरकार कमजोर है, बल्कि हाल के कई घटनाक्रम इस बात की ओर साफ इशारा कर रहे हैं कि नरेन्द्र मोदी और उनके मुख्य सिपहसालार यानी केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह की संगठन पर पकड़ छूटती जा रही है। अनेक नेताओं के बयान इस बात की गवाही दे रहे हैं। हालांकि स्थिति फिलहाल विस्फोटक तो नहीं कही जा सकती लेकिन यदि ऐसा ही चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं होगा कि दोनों पहले संगठन पर और फिर सरकार पर अपना नियंत्रण खो बैठेंगे। हाल ही में कुछ नेताओं ने जिस प्रकार की बयानबाजियां की हैं वे या तो पार्टी की घोषित नीति के खिलाफ हैं या फिर उनके तीरों की दिशा मोदी-शाह की ओर है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा किये जा रहे कुछ कार्यक्रम भी यही बता रहे हैं कि मोदी-शाह की जकड़ अब संगठन पर वैसी नहीं दिख रही है जो कुछ समय पहले तक थी। बहुत सम्भव है कि संसद के तकरीबन 20 दिन चलने वाले इस मानसून सत्र में इस बात के और भी सबूत मिलें जिस दौरान सरकार का सामना पहले से कहीं अधिक मजबूत विपक्ष के साथ-साथ अपने ही असंतुष्ट सहयोगियों से होने जा रहा है।

शुरूआत करें तो, पश्चिम बंगाल के भारतीय जनता पार्टी नेता शुभेन्दु अधिकारी ने एक भाषण में कहा कि भाजपा को 'सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास' का नारा छोड़ देना चाहिये। उनका इशारा भाजपा की मुस्लिमों को साथ लेने की कभी-कभार की जाने वाली कोशिशों की तरफ था। उनका बयान भाजपा के सहयोगी दल टीडीपी को भी नाराज कर सकता है जिसने मुस्लिमों के हक में कई कल्याणकारी कार्यक्रम लाने का ऐलान कर हालिया चुनावों में जीत दर्ज की है। ऐसे ही, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कांवड़ यात्रियों के रास्ते में लगने वाली दुकानों पर मालिकों को अपने नाम लिखने सम्बन्धी जो फरमान जारी किया गया है, वह भी मोदी सरकार की विपक्ष द्वारा ही नहीं वरन कुछ सहयोगी दलों द्वारा भी घेराबन्दी करने के लिये एक माकूल विषय हो सकता है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा के सहयोगी एवं एनडीए के घटक दल यथा राष्ट्रीय लोक दल, जेडीयू, एनसीपी आदि ने इस निर्णय की आलोचना कर इस निर्देश को वापस लेने का आग्रह किया है। टीडीपी, लोक जनशक्ति पार्टी, एनसीपी (अजित पवार गुट) जैसे दल इसे लेकर अपने मतदाताओं के सामने शर्मिन्दा हो सकते हैं जो धर्मनिरपेक्षता की नीति पर चलते हैं। यह आदेश न केवल साम्प्रदायिकता को बल्कि जातिवाद को भी बढ़ावा देने वाला माना जा रहा है। इस समय मोदी के साथ उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ की रस्साकशी जारी है। यह मुद्दा जोर-शोर से इस सत्र में उठेगा ही। देखना होगा कि मोदी इसे कैसे हैंडल करते हैं क्योंकि यह मामला सहज नहीं है। यदि इस निर्णय को मोदी गलत बताते हैं तो हिन्दुत्ववादी मतदाताओं में योगी का कद उनसे बड़ा हो जायेगा। वैसे भी अब तो प्रधानमंत्री पद के लिये योगी भाजपा समर्थकों के बीच मोदी से बेहतर माने जा रहे हैं। बेशक संसद का सत्र मोदी एवं उनकी सरकार के लिये मुश्किलों भरा होगा।

# मप्र में आखिर कितने गोविंद सिंह

**@ राकेश अचल**



मप्र विधानसभा के लिए 7 बार चुने जा चुके आठवीं बार चुनाव क्या हारे उनकी शामत आ गयी। प्रदेश सरकार के इशारे पर जिला प्रशासन 73 साल के गोविंद सिंह को बेघर करने पर आमादा है। डॉ गोविंद सिंह के गृह गांव लहार में नगरपालिका डॉ गोविंद सिंह की कोठी को तोड़ने पर आमादा है। नगरपालिका का कहना है कि डॉ गोविंद सिंह ने सरकारी जमीन पार अतिक्रमण कर कोठी बनाई है। डॉ गोविंद सिंह के साथ कोई सहानुभूति न बरतते हुए अब सवाल ये है कि प्रदेश में और कितने डॉ गोविंद सिंह हैं जिन्होंने कथित तौर पर सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर लिया है।

विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता डॉ गोविंद सिंह के खिलाफ आज जो कार्रवाई हो रही है उसके बीचे अदावत साफ झलकती है और ये अदावत है मौजूदा स्थानीय विधायक की। विधायक जी ने चूंकि डॉ गोविंद सिंह जैसे कांग्रेस के दिग्गज को हराया है इसलिए राज्य सरकार को उनकी हर बात मानना पड़ रही है। डॉ गोविंद सिंह जिस नगरपालिका के 40 साल पहले अध्यक्ष रह चुके हैं वो ही नगर पालिका डॉ गोविंद सिंह को सरकारी जमीन का अतिक्रमणकर्ता बताकर उनके घर के सामने बुलडोजर लिए खड़ी है।

मुमकिन है कि डॉ गोविंद सिंह ने आम नेताओं की तरह सरकारी जमीन पर अतिक्रमण किया हो, लेकिन सवाल ये है की प्रदेश में 19 महीने को छोड़ 2003 से भाजपा की सरकार है, ऐसे में सरकार को डॉ गोविंद सिंह द्वारा किया गया अतिक्रमण क्यों नहीं दिखा ? या तो डॉ गोविंद सिंह से सरकार का गठजोड़ रहा होगा, या सरकार उनसे डरती होगी ? इसमें कोई संदेह नहीं की डॉ गोविंद सिंह ने अपने 34 साल के राजनीतिक कैरियर में सिर्फ घास नहीं छिली होगी। कुछ कमाया-धमाया होगा। हर विधायक ऐसा करता है। दल कोई भी हो। लेकिन सवाल ये है कि सरकार के निशाने पर अकेले डॉ गोविंद सिंह ही क्यों हों ? सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण करना एक आम प्रवृत्ति है। ये प्रवृत्ति खास लोगों में ज्यादा होती है। पार्षद से लेकर केंद्रीय मंत्री तक इस बीमारी से मुक्त नहीं है। वे भी जो अत्यंत साधारण परिवारों से राजनीती में आये हैं और वे भी जो चांदी की चम्मचें मुंह में रखकर पैदा हुए, यानि राजा -महाराजा। राज्य सरकार में यदि साहस है तो उसे अकेले एक डॉ गोविंद सिंह पार हाथ डालने के बजाय 2003 के बाद विधायक, सांसद, और मंत्री बने तमाम लोगों की सम्पत्तियों की जांच करने के लिए विधानसभा की एक समिति गठित करना चाहिए। मेरा विश्वास है कि यदि सही तरिके से जाँच की जाये तो निवर्तमान और वर्तमान मुख्यमंत्री से लेकर पहली बार मंत्री बने विधायक तक इस जद में आ जायेंगे। एक पत्रकार के नाते मै अपने चार दशक से ज्यादा के कैरियर में ऐसे तमाम गोविंद सिंहों को जानता हूँ जो आरम्भ में लूना पर या टूटे स्कूटर पर चलते थे और आज उनके पास हजारों करोड़ की चल और अचल सम्पत्ति है। इसमें सरकारी जमीने भी शामिल हैं। कुछ को तो सरकारी जमीने हड़पने की कोशिश में हत्या के अपराध जैसे आरोपों का समान करना पड़ा। मंत्री पद छोड़ने पड़े। लेकिन न किसी का मकान टूटा और न काम्प्लेक्स। हमारे अपने शहर में एक पूर्व मंत्री के संरक्षण में बने एक पंचतारा होटल के लिए सरकारी फुटपाथ पर कब्जा कर लिया गया, लेकिन मजाल है कि कोई नगर निगम उनके होटल की तरफ देखे भी। आखिर वे सरकारी पार्टी के टीनोपाल से धुले नेता जो है। डॉ गोविंद सिंह को भी मै दूध से धुला नहीं मानता। लेकिन इतना जनता हूँ कि वे दूसरे जन प्रतिनिधियों के मुकाबले कम लालची और दागदार हैं। उन्होंने बीहड़ की जमीन हड़पी या कस्बे की इसकी जांच यदि हो रही है तो खूब हो, लेकिन फिर एक डॉ गोविंद सिंह की नहीं सभी दलों के गोविंद सिंहों की हो। जांच और कार्रवाई का आधार अदावत नहीं होना चाहिए। मेरा दावा है कि प्रदेश के हरजिले में, हर दल में एक नहीं अनेक डॉ गोविंद सिंह मिल जायेंगे। जो एक बार विधायक या मंत्री बना उसने सरकारी सम्पत्ति को हड़पा है। उसके खिलाफ पिछले दो दशक में खासतौर पर मोदी युग में कोई ईडी या सीबीआई छापा मारने नहीं निकली। लोगों ने व्हाइट हॉउस जैसे महल तक बना लिये। शहरों में फुटपाथ तक हड़प लिए लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं , क्योंकि वे या तो सरकारी दल के जन्मजात कार्यकर्ता हैं या फिर दल-बदल कर भाजपाई हो गए हैं। गोविंद सिंह का बुढ़ापा खुले में कटेगा या जेल में ये कोई नहीं जानता, लेकिन इतना तय है कि अदावत की ये राजनीति देश की तरह, उत्तर प्रदेश की तरह प्रदेश के राजनीतिक सौहार्द को भी चौपट कर देगी। राजनीतिक सौहार्द का अर्थ मिलकर प्रदेश को लूटने से बिलकुल नहीं। ये तो 2003 से लगातार मप्र में हो ही रहा है। मजेदार बात ये है कि माननीय अदालत ने भी अदावत की इस राजनीति कि पचड़े में पड़ने से इंकार करते हुए डॉ गोविंद सिंह कि परिजनों की याचिका को खारिज कर दिया है। यानि गेंद अब सरकार कि पाले में है।

# बढ़ती आबादी के बीच गंभीर होती पर्यावरण चुनौतियां

**-: ललित गर्ग:-**

संयुक्त राष्ट्र द्वारा हाल ही में जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत की आबादी 2060 के दशक में 1 अरब 70 करोड़ तक पहुंच जाने का अनुमान है, जैसे-जैसे आबादी बढ़ती जा रही है, पर्यावरण से जुड़ी समस्याएं गंभीर चुनौती बनती जा रही है। हमें संसाधनों के विस्तार एवं विकास की योजनाओं के बीच पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, आवास, उद्योग, परिवहन आदि विकास योजनाओं को लागू करते हुए प्रकृति, पर्यावरण एवं जलवायु पर ध्यान केन्द्रित करना होगा। हर विकास के अपने सकारात्मक और नकारात्मक नतीजे होते हैं। सभी विकास योजनाओं में पर्यावरण का ख्याल रखना जरूरी है। अगर बिना पर्यावरण की परवाह किये विकास किया गया तो यह मनुष्य के लिये विनाश एवं विध्वंस का कारण बनेगी। वर्तमान में भारत दुनिया की सबसे बड़ी आबादी के साथ-साथ तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्था बनने की ओर अग्रसर होते हुए विकास की नई गाथा लिख रहा है, लेकिन इसी के साथ पर्यावरण की उपेक्षा के कारण अनेक पर्यावरण समस्याएं विनाश एवं विध्वंस का कारण भी बन रही है। शहरी विकास की प्रक्रिया ने गाँवों के सामने अस्तित्व का संकट उत्पन्न कर दिया है। शहरों का अनियोजित विकास से महानगरों में असुरक्षित परिवेश, बढ़ता प्रदूषण, जल एवं शुद्ध हवा का अभाव ऐसी समस्याएं हैं जो जीवन अस्तित्व को बचाये रखने के लिये चुनौती बन रही है।



उन्नत विकास के लिए सड़क चाहिए, बिजली चाहिए, जल चाहिए, मकान चाहिए, मैट्रों चाहिए और ब्रिज चाहिए। इन सबके लिए या तो खेत होम हो रहे हैं या फिर जंगल। जंगल को हजम करने की चाल में पेड़, जंगली जानवर, पारंपरिक जल स्त्रोत सभी कुछ नष्ट हो रहा है। यह वह नुकसान है जिसका हजार्ना संभव नहीं है और यही पर्यावरण प्रदूषण का बड़ा कारण है। विकास की ऊंचाइयां छूने के साथ हमें पर्यावरण संरक्षण की सीढ़ियां लगानी होगा। भारत के उद्योगों के लिये पर्यावरण आधारित लक्ष्यों को निर्धारित करने की जरूरत है जैसे परिवहन, खाद्य और कृषि, प्लास्टिक, पैकेजिंग, धातु और खनिज, भवन-निर्माण, सीमेंट, कपड़ा, ऑटोमोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक्स और निर्माण। इनमें से परिवहन उद्योग को खाद्य और गीले कूड़े के दूसरे रूप के उचित निस्तारण से जोड़ कर इसे अधिक टिकाऊ बनाने में अलग-अलग स्तर पर सरकारें महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। ऐसा अनुमान है कि 2050 के हिसाब से भारत में 70 प्रतिशत इमारतों का निर्माण होना अभी बाकी है, ऐसे में पूरे निर्माण उद्योग को पर्यावरण अनुकूल आर्थिक पद्धति से जोड़ना भारत के आवासीय और शहरीकरण रोडमैप के लिए नितांत अपेक्षित है। इसी तरह हर उद्योग के लिए पर्यावरण अनुकूल पद्धति को अपने कारोबार और रणनीति में जोड़ना जरूरी है।

भारत जैसे विकासशील देशों में बुनियादी ढांचे के विकास की बहुत गुंजाइश और जरूरत है। अगर यह बुनियादी विकास व्यापक दायरे में और पर्यावरण के महत्व को ध्यान में रखते हुए किया जाए, तो हम देश के लिए सतत एवं संतुलित विकास की उम्मीद कर सकते हैं। भारत में कई सड़क परियोजनाएं संसाधनों का बुद्धिमानी से उपयोग कर रही हैं। इसका एक प्रमुख उदाहरण सड़क निर्माण में प्राथमिक सामग्री के रूप में स्टील ग्रिट्स का पुनः उपयोग करना है। सड़कों के किनारों पर बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाना है। भारत जैसे देश में जहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है और संसाधन सीमित हैं, नीति निमार्ताओं के लिए पर्यावरण संरक्षणवादी होना अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। हम पहले से ही अतीत की नासमझ प्रथाओं के नकारात्मक परिणामों का सामना कर रहे हैं, जिन्होंने पृथ्वी के संसाधनों को नष्ट कर दिया है, लोगों को स्वस्थ पर्यावरण और वन्यजीवों को उनके प्राकृतिक आवास से वंचित कर दिया है। हमें हर कीमत पर पर्यावरण का संरक्षण और सुरक्षा करनी होगी और पृथ्वी को सभी के लिए एक बेहतर और स्वच्छ आवास बनाने के लिए उपाय करने होंगे, साथ ही साथ अर्थशास्त्र और मानव जीवन को प्रभावित करने वाले हर दूसरे पहलू में स्थायी रूप से पर्यावरण मूलक विकास करना होगा। जरूरत है तकनीकी आविष्कार की जो पर्यावरण अनुकूल अर्थव्यवस्था को संभव और सक्षम बना सके। भारत को देशव्यापी जागरूकता अभियान की भी जरूरत है जिसमें घरेलू स्तर पर कूड़ों को अलग-थलग करने के महत्व पर जोर दिया जाए। गीले और सूखे कूड़े को अलग-अलग निपटारा गीले कूड़े के कैलोरी वैल्यू का पता लगाने और सूखे कूड़े को रिसाइकल करने के लिए महत्वपूर्ण है। साथ ही केंद्र सरकार की ओर से जारी अलग-अलग दूसरे नियम जैसे प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, ई-वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, कंस्ट्रक्शन एंड डेमोलिशन वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, मेटल्स रिसाइकलिंग पॉलिसी इत्यादि को राष्ट्रीय पर्यावरण अनुकूल रोडमैप के साथ जरूर जोड़ा जाना चाहिए।

जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। जीवन-निर्वाह के लिए निर्मल एवं पेयजल की आपूर्ति आवश्यक है। जल प्रदूषण के मुख्य कारक हैं- घरों से निकलने वाला कूड़ा-कचरा एवं अपशिष्ट पदार्थ, फैक्ट्रियों से निकलने वाले अपशिष्ट पदार्थ आदि। जल प्रदूषण का दुष्परिणाम यह होता है कि जल का ताप, उनका रंग, उसकी गंध एवं रेडियोधर्मिता में अंतर आ जाता है। जल प्रदूषण का दुष्प्रभाव फसलों एवं मिट्टी पर भी पड़ता है। इसकी रोकथाम के लिए फैक्ट्रियों को यह निर्देश दिया जाना चाहिए कि अपशिष्ट युक्त पानी को स्वच्छ कर ही निस्तारित किया जाए। जल आपूर्ति के लिए बिछाई गए पाइपों के जोड़ उचित ढंग से जोड़े जाएं। कुछ रासायनिक कण मानव के लिए हानिकारक होते हैं। वे मुख्य रूप से सीसा, जस्ता, लोहा, कैडमियम, फ्लोराइड, निकल, क्लोरीन, बेरियम आदि हैं। ये वायु,, जल, मृदा आदि को प्रदूषित कर मानव-मस्तिष्क में विकार पैदा करते हैं। इनके दुष्परिणाम से यकृत और वृक्क भी प्रभावित होते हैं।

पर्यावरण का संतुलन प्रकृति, संस्कृति एवं विकृति के त्रिक पर आश्रित है। प्रकृति नियति का नैसर्गिक स्वरूप है। संस्कृति जीवन-शैली है। संस्कृति ही मानव में देवत्व उभारती है। विकृति वस्तुतः संस्कृति एवं प्रकृति दोनों की विलोम स्थिति है। विकृति के फलस्वरूप समाज में असुरता एवं विध्वंस बढ़ने लगते हैं। प्रकृति को संवारना संस्कृति है, जबकि इसको बिगाड़ना विकृति। प्राणिजगत के लिए संतुलित पर्यावरण अत्यंत आवश्यक है, लेकिन पर्यावरण को प्रदूषित एवं असंतुलित करने के जिन उपर्युक्त कारकों को रेखांकित किया गया है, उन सभी का मुख्य कारण मानव समुदाय ही है। अदूरदर्शिता, स्वार्थ, लोभ, अनियंत्रित विकास, सुविधा-भोग, जनसंख्या-विस्फोट आदि ने पर्यावरण को प्रदूषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पर्यावरण और सृष्टि के बीच एक घनिष्ठ संबंध रहा है। सृष्टि-परिवर्तन के प्रभाव से पर्यावरण में भी परिवर्तन होता है। यदि परिवर्तन जीव-जगत के लिए अनुकूल होता है तो यह कहा जाता है कि वे हमारे लिए ग्राह्य है। यदि परिवर्तन से प्राणी को प्रतिकूलता प्रतीत होती है तो वे अग्राह्य हैं। यही प्रतिकूलता प्रदूषण का कारण बनती है।

पर्यावरण असंतुलित होने का सबसे बड़ा कारण आबादी का बढ़ना है जिससे आवासीय स्थलों को बढ़ाने के लिए वन, जंगल यहाँ तक कि समुद्रस्थलों को भी छोटा किया जा रहा है। पशुपक्षियों के लिए स्थान नहीं है। इन सब कारणों से प्राकृतिक का सतुंलन बिगड़ गया है और प्राकृतिक आपदाएँ बढ़ती जा रही हैं। वर्तमान में विकास की जो प्रक्रिया है वह पर्यावरण विनाश एवं प्रदूषण का कारण है। इसलिए यह सामयिक चुनौती है कि पर्यावरण को प्रदूषण से मुक्त कैसे रखा जाए? पर्यावरण-अनुकूल जीवन की ओर बदलाव हमारे ग्रह के भविष्य, मानव-जीवन के अस्तित्व, व्यक्तिगत भलाई और आर्थिक समृद्धि में एक निवेश है। हम जो भी पर्यावरण के प्रति जागरूक विकल्प चुनते हैं वह एक स्वच्छ, हरित और अधिक टिकाऊ दुनिया की ओर एक कदम है। विकास की चढ़ाई पर्यावरण की दृष्टि से बड़ी नाजूक और खतरों से भरी है। कदम-कदम पर सावधानी एवं जागरूकता चाहिए अन्यथा पलों की खता सदियों की सजा बन जाती है। अतः विकास के सपने अवश्य देखें मगर उन सपनों को हकीकत में बदलते हुए हम क्षण-क्षण पर्यावरण एवं प्रकृति के प्रति सचेत एवं सावधान रहें।

# सावन का पहला सोमवारः सज गये शिवालय

## शहर में बड़े वाहन पर प्रतिबंध, एसडीएम ने किया निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सावन माह में भारी तादाद में श्रद्धालु धर्मनगरी आते हैं। श्रद्धालुओं के जलाभिषेक की तैयारी रामघाट स्थित मत्स्यगयेन्द्रनाथ मंदिर समेत अन्य शिवालयों में शुरू हो गई हैं। अन्य मंदिरों को सजाया-संवारा जा रहा है। इस बार सावन की शुरुआत 22 जुलाई सोमवार से हो रही है। जिला प्रशासन ने तैयारी कर ली है। तमाम श्रद्धालु एक दिन पहले धर्मनगरी पहुंचें हैं। सोमवार को धर्मनगरी समेत पहाड़ी कस्बा स्थित पालेश्वनाथ मंदिर, सरैंया क्षेत्र सोमनाथ मंदिर, मऊ क्षेत्र के ऋषियन मंदिर, भरतकूप क्षेत्र के मडफा पहाड़ स्थित शिवालय में दर्शन को सावन माह में श्रद्धालु आते हैं। एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि धर्मनगरी के रामघाट स्थित महाराजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ शिव मन्दिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। लंबी-लंबी कतारें लगी हैं। अभी तक 50-60 हजार श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। लगातार भीड़ बढ़ रही है, चप्पे-चप्पे पर पुलिस व डॉग स्क्वायड टीम तैनात है। सावन माह के प्रत्येक सोमवार को बड़े वाहनों के जिला मुख्यालय में प्रवेश प्रतिबंधित किया है। रेहुटिया रेलवे क्रासिंग के पूर्व प्रयागराज रोड प्रातः तीन से रात्रि साढे नौ बजे, खोह पुलिस लाइन तिराहा मानिकपुर रोड प्रातः तीन से रात्रि साढे नौ बजे, लोढवारा रोड राजापुर मार्ग प्रातः तीन से रात्रि दस बजे व शेषनपुरवा मोड़ सोनेपुर सतना रोड प्रातः तीन से रात्रि साढे दस बजे व बेड़ीपुलिया मत्स्यगयेन्द्रनाथ धर्मकांटा बांदा रोड सवेरे तीन से रात्रि 11 बजे तक प्रतिबंधित रहेगा।



पहले सोमवार को मत्स्यगयेन्द्रनाथ मन्दिर में जलाभिषेक को लगी भीड।

गोस्वामी तुलसीदास जन्मस्थली समेत अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सावन माह के पहले सोमवार की पूर्व संध्या पर एसडीएम प्रमोद झा ने कस्बे के द्वादश शिवालयों का भ्रमण कर साफ-सफाई व सुरक्षा के निर्देश दिये। सावन माह के पहले सोमवार से कस्बे के देवीदयाल शिवाला सब्जी मण्डी, हनुमान मन्दिर रोड शिवाला, अर्द्धनारेश्वर शिवाला, शिवहरे शिवाला समेत कस्बे के द्वादश शिवालयों में शिवभक्त पूजा-अर्चना को उमड़ते हैं। शिवालयों को भव्यता से सजाया गया है। एसडीएम प्रमोद कुमार झा ने भ्रमण कर सफाई, सुरक्षा आदि इंतजाम की जानकारी ली। ईओ बीएन कुशवाहा को निर्देश दिये कि कस्बे के शिव मंदिरों के आसपास साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, अन्ना गौवंशो को संरक्षित करें। मंदिर में अशोक द्विवेदी, दीपक कुमार जायसवाल, मुन्ना चौरसिया, देवकीनंदन मोदनवाल, दीपक श्रीवास्तव, जगदीश जायसवाल, रमेश मोदनवाल, राकेश नामदेव आदि प्रतिदिन अलग-अलग सजावट करते हैं।



उपकरण देते विधायक आदि।

## दिव्यांगों को बांटे उपकरण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी ने बताया कि रामलीला भवन में बतौर मुख्य अतिथि विधायक मऊ/मानिकपुर अविनाश चन्द्र द्विवेदी, विधायक कर्वी अनिल प्रधान, डीसीबी अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सीडीओ श्रीमती अमृतपाल कौर की मौजूदगी में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम व फाउंडेशन के सौजन्य से जिले के दिव्यांगों को 80 मोटराइज्ड ट्राइसाईकिल, 188 ट्राईसाइकिल, 180 वैशाखी, 40 कान की मशीन, 61 व्हीलचेयर कुल 696 सहायक उपकरण 415 दिव्यांगों को बांटे गये। सुधीर अग्रवाल, एलिम्को कानपुर की टीम तथा जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सुनहरी लाल आदि मौजूद रहे।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

## तीन बकरी समेत चोर दबोचे

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा राम सिंह की अगुवाई में पुलिस ने 24 घंटे के अंदर बकरी चोरी का खुलासा कर दो चोरों को तीन बकरियों समेत गिरफ्तार किया।

ज्ञात है कि 21 जुलाई 2024 को हीरालाल पुत्र गजराज टिकारी मजरा सेमरदहा में बहिलपुरवा थाने में रिपोर्ट लिखाई कि जामुर जंगल माराचन्द्रा से अज्ञात चोर दो बकरी व एक बकरा चुरा ले गये हैं। पुलिस ने अज्ञात में मामला दर्जकर घटना के खुलासे को दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह को जिम्मेदारी सौंपी। दरोगा की टीम ने माराचन्द्रा गांव के पास जंगल से बब्बू खां पुत्र जम्मुन खां बिलबई कोतवाली महोबा हाल पता माराचन्द्रा व सब्बीर खां पुत्र हल्के खां चुरेह केसरुवा थाना मानिकपुर हाल पता माराचन्द्रा को गिरफ्तार किया। चोरों के कब्जे से दो बकरियां व एक बकरा बरामद किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा जनार्दन प्रताप सिंह, दरोगा अनुभव वर्मा, सिपाही होलीकेन्द्र व मोनू राय शामिल रहे।

## :ये कैसा आयुष्मान कार्डः

# जो नहीं करता इलाज में मदद

## लाडली बेटी को मौत के मुंह में धकेल रहा आयुष्मान कार्ड

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के बरद्वारा गांव की चार वर्षीय ब्लड कैंसर पीड़ित बेटी आन्या की मौत का कारण बन रहा पिता के नाम बना आयुष्मान कार्ड। बेटी को मुख्यमंत्री राहत कोष से कोई राहत नहीं मिलेगी। पिता के नाम बने आयुष्मान कार्ड में ब्लड कैंसर पीड़ित चार वर्ष की बेटी का नाम नहीं है। बेटी का इलाज पिता के नाम बने आयुष्मान कार्ड से नहीं होगा। पिता के नाम आयुष्मान कार्ड चार वर्ष की कैंसर पीड़ित मासूम बेटी को मुख्यमंत्री राहत कोष से मदद भी नहीं मिलेगी।



कैंसर पीडित चार वर्षीय बेटी।

कैंसर पीड़ित बेटी आन्या को हजारों देवदूत दानवीर मदद भेज रहे हैं। बेटी की जीवन रक्षा को दिन-रात हजारों हाथ दुआ मांग रहे हैं। बेटी की मौत का कारण जीवन देने का दावा करने वाला आयुष्मान कार्ड बन रहा है। गरीब पिता के पास गरीबी का प्रमाण आयुष्मान कार्ड तो है, बेटी के इलाज को सरकार की ओर से कोई राहत नहीं है। पिता के आयुष्मान कार्ड पर बेटी का नाम न होने से बेटी का इलाज संभव नहीं है। फिर बेटी को मिलने वाली मुख्यमंत्री राहत पर पिता के नाम बना आयुष्मान कार्ड कैसे बन रहा है बाधक? प्रधानमंत्री जी- ये कैसा आयुष्मान कार्ड है, कैसे नियम हैं- जो गरीब के इलाज में मदद का दावा तो करता है, मदद नहीं करता।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

## मऊ पुलिस ने नाबालिग दुष्कर्म आरोपी को दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ जारी कार्यवाही में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय की टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि 20 जुलाई 2024 को एक व्यक्ति ने मऊ थाने में रिपोर्ट लिखाई कि ओमप्रकाश उर्फ छोटू पुत्र कमलेश उफरौली ने घर में घुसकर नाबालिग पुत्री से दुष्कर्म कर गर्भवती कर दिया है। उसका गर्भपात करवाकर पुनः दुष्कर्म कर पुत्री को गर्भवती किया है। ओमप्रकाश के पिता कमलेश ने उसकी पत्नी को गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने उचित धाराओं में मामला दर्जकर विवेचना प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय ने संभाली। टीम ने सोमवार को अशोक चैराहा कस्बा मऊ से ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक मऊ विनोद कुमार राय, निरीक्षक अपराध अभयराज, चालक राजकुमार व सिपाही प्रवीण पाण्डेय शामिल रहे।

## छापेमारी कर नष्ट किया 150 किग्रा लहन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सूबे के आबकारी आयुक्त के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आबकारी व पुलिस टीम ने बियावल गांव में छापा मारकर 15 लीटर महुआ शराब व 150 किग्रा लहन बरामद किया। बरामद लहन मौके पर नष्ट कर कानूनी कार्यवाही की गई। हाल में जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में राजकीय इंटर कालेज बरगढ़ में प्रधानाचार्य के साथ छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। क्षेत्र मऊ में फुटकर शराब दुकानों का निरीक्षण किया।

# समाधान दिवस में छाये रहे राजस्व मामले, डीएम-एसपी ने 35 को दी राहत

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** राजापुर तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह तथा एसडीएम प्रमोद झा की मौजूदगी में 249 फरियादियों ने समस्यायें पेश की। मौके पर 35 फरियादियों को राहत मिली। राजस्व बाबत मामले अधिकतर छाये रहे। डीएम-एसपी ने तहसील परिसर में वृक्षारोपण किया।

सोमवार को नगर पंचायत के विस्तारित क्षेत्र पं दीनदयाल नगर के राजेश कुमार पुत्र नत्थू ने बताया कि गांव के दबंगों के मुख्य मार्ग चकरोड पर अवैध कब्जा करने से आम जनता को दिक्कतें हो रही हैं। चकरोड खाली कराने की मांग की। नगर पंचायत वार्ड-3 गोस्वामी नगर के वार्ड मेम्बर नथुनिया देवी के पति भगवानदास सोनकर ने लोनिवि से बनाई सड़क सोतीपुरवा-पराको सम्पर्क मार्ग दो माह में ध्वस्त होने की जांच कराने की मांग की। हस्ता गांव की दलित मंगुल देवी, गंगीवा, मीना देवी, छोटकू आदि ने विद्युत विभाग पर आरोप लगाया कि घरों में कोई कनेक्शन न होने के बाद भी विद्युत विभाग फर्जी बिल भेजकर परेशान करते हैं।



पुष्टाहार देते डीएम-एसपी।

जांच की मांग की है। सरधुवा फीडर व भदेहदु फीडर के ग्रामीणों ने बिजली कटौती की शिकायत की। समाधान दिवस बाद जिलाधिकारी शिवशरणप्पा ने समीक्षा बैठक में निर्देश दिये कि पूर्व तहसील दिवस व थाना दिवस में आई शिकायतों का निस्तारण पारदर्शिता से करें। किसी भी शिकायतकर्ता के साथ भेदभाव न कर दोनों पक्षों की शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारित करें। कहा कि शिकायतकर्ता जांच पर आरोप लगाते हैं तो पुनः सक्षम अधिकारी से जांच कराई जाये।

जिलाधिकारी ने बाल विकास परियोजना अधिकारी पहाडी महेन्द्र कुमार पटेल के तहसील परिसर में कुपोषित बच्चों व माताओं को पुष्टाहार तथा सहजन के पौधे बांटे। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ भूपेंद्र द्विवेदी, एसडीएम न्यायिक फूलचंद यादव, तहसीलदार रामसुधार राम, नायब तहसीलदार राजीव कुमार दुबे, ईओ बीएन कुशवाहा, प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज सिंह, प्रभारी निरीक्षक सरधुआ आशुतोष तिवारी, प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी रीता सिंह आदि व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## खंगार समाज ने किया भंडारा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** गुरु पूर्णिमा पर धर्मनगरी के कामदगिरि परिक्रमा मार्ग स्थित भारतीय खंगार धर्मशाला में भंडारा हुआ। स्थानीय साधु-संतों के साथ बाहरी श्रद्धालु व परिक्रमा लगाने वाले श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद बांटा गया। खंगार धर्मशाला अध्यक्ष भोलानाथ खंगार ने पूजा-अर्चना के बाद भगवान कामतानाथ से राष्ट्र व समाज के समृद्धि की कामना की। धर्मशाला के महंत पुजारी भगवानदास, बालक दास, इन्द्रावली दास, छोटा दास ने बताया कि ये आयोजन परम्परागत ढंग से हो रहा है। इस मौके पर भंडारा आयोजक महोखर गांव की बेलपतिया, अशोक सिंह खंगार, लल्लू खंगार, जयप्रकाश सिंह खंगार, मुन्नादास, पुजारी भगवानदास, विनोद सिंह, मनीष सिंह, राम सिंह, पवन सिंह, मंदीप खंगार, जय प्रकाश सिंह खंगार आदि मौजूद रहे।

## कर्वी तहसील में सुनी समस्यायें

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर जिलाधिकारी एफआर उमेश चन्द्र निगम व एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी की मौजूदगी में तहसील सभागार कर्वी में सम्पूर्ण समाधान दिवस में आये फरियादियों की समस्यायें सुनी गईं। भूमि विवाद बाबत मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजकर निस्तारण के निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सदर सौरभ यादव, कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह, राजस्व व पुलिस विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक वारंटी दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी ने घर में घुसकर मारपीट, गाली-गलौज के वारंटी भूरा उर्फ लवकुश पुत्र राममूरत भैसौंधा को गिरफ्तार किया। टीम में चैकी प्रभारी शिवरामपुर सत्यमपति त्रिपाठी, सिपाही श्यामू शामिल रहे।

## धोखाधडी का वांछित दबोचा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में जालसाजी, धोखाधडी के वांछित रामसजीवन पुत्र पटवारी डाडी चमरौडी थाना मानिकपुर को गिरफ्तार किया। टीम में अपराध निरीक्षक प्रभुनाथ सिंह यादव, दरोगा मुकेश सिंह परिहार व सिपाही अजीजुद्दीन शामिल रहे।

## चोरी में एक को हुई सजा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** चोरी मामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रुपये जुर्माना से दंडित किया। सोमवार को जीआरपी कर्वी थाना प्रभारी ने बताया कि कर्वी के शोभा सिंह पुरवा के राजा उर्फ कटहर केवट पर चोरी का मामला दर्ज हुआ था। जीआरपी ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीले सुनने के बाद अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सोमवार को दोष सिद्ध होने पर आरोपी राजा उर्फ कटहर केवट को न्यायालय उठने तक की सजा व पांच सौ रूपये जुर्माना से दंडित किया।

# जिओ पार्क बनने से वैश्विक स्तर का पर्यटन केन्द्र बनेगा चित्रकूट

## कृषि मंत्री से जियोपार्क की भाजपा नेताओं ने की चर्चा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** विभागीय समीक्षा व कृषि विकास परियोजनाओं के दौरे पर आये सूबे के कृषि मंत्री/भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सूर्य प्रताप शाही से जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की मौजूदगी में जियोपार्क को होने वाली फील्ड वर्कशॉप बाबत आयोजन सचिव डॉ अश्विनी अवस्थी व जिला महामंत्री भाजपा आलोक पाण्डेय ने चर्चा की।

सोमवार को मंत्री ने कामतानाथ दर्शन-पूजन कर कार्यकर्ताओ के साथ परिक्रमा लगाई। परिक्रमा बाद चित्रकूट परिक्षेत्र के अधिष्ठाता महाराजाधिराज मत्स्यगयेन्द्रनाथ का पूजन-अर्चन कर लोक मंगल की कामना की। एक से तीन अगस्त को जिओ पार्क को आरोग्यधाम में होने वाली फील्ड वर्कशॉप को सूबे के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से मिलकर उन्हें आमंत्रण दिया। चित्रकूट में वैश्विक स्तर पर जियोपार्क बनाने को एक से तीन अगस्त के बीच फील्ड वर्कशॉप सोसायटी ऑफ अर्थ साइंस, आईआईटी कानपुर, दीनदयाल शोध संस्थान कर रहा है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सुझाव देते हुये कहा कि जिओ पार्क कांसेप्ट के साथ चित्रकूट के समग्र विकास को एग्रो टूरिज्म शामिल किया जाये। उन्होंने महत्वपूर्ण कार्य को हर प्रकार की मदद देने का भरोसा दिया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने कहा कि चित्रकूट में जिओ पार्क बनना ऐतिहासिक उपलब्धि होगी। आयोजन सचिव अश्विनी अवस्थी ने मंत्री को बताया कि फील्ड वर्कशॉप में देश के ख्यातिलब्ध भू-वैज्ञानिक चित्रकूट के प्रमुख भू-स्थलों का भ्रमण करेंगे। चित्रकूट जियोपार्क की सम्भावना का परीक्षण करेंगे। फील्ड वर्कशॉप में भारत में यूनेस्को के प्राकृतिक विज्ञान प्रमुख बेन्नो बोअर भी शामिल होंगे। यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क एकल, एकीकृत भौगोलिक क्षेत्र हैं।




मंत्री से जियो पार्क की चर्चा करते भाजपा नेता।

अंतरराष्ट्रीय भू-वैज्ञानिक महत्व के स्थलों व परिदृश्यों को सुरक्षा, शिक्षा तथा सतत विकास की समग्र अवधारणा के साथ प्रबंधित करते हैं। 48 देशों में 213 यूनेस्को ग्लोबल जियोपार्क हैं, भारत में एक भी जियो पार्क नही है। उप्र-मप्र सरकारें संयुक्त रूप से प्रयास करें तो चित्रकूट भारत का पहला जियोपार्क होगा। जिला महामंत्री आलोक पाण्डेय ने कहा कि यूनेस्को विश्व धरोहर केन्द्र को भारत दस लाख डॉलर देगा। नरेन्द्र मोदी ने ये सुनिश्चित किया है कि जिओ पार्क चित्रकूट में बनने से वैश्विक स्तर का पर्यटन केन्द्र विकसित होगा। चित्रकूट के साथ सम्पूर्ण बुन्देलखण्ड का विकास होगा। मंत्री के साथ दर्शन-पूजन व परिक्रमा के समय जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी, अखिलेश रैकवार, रवि, पुष्पराज, सुरेश, राजाराम आदि मौजूद रहे।

## फिजूलखर्ची न कर बच्चों की शिक्षा पर दें ध्यानः डॉ रजनीश

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** पाल समाज के विद्यार्थियों के शैक्षिक उत्थान को गुरु पूर्णिमा पर शैक्षिक सत्र 2023-24 में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा में 80 फीसदी या अधिक अंक पाने वाले पाल समाज के 27 विद्यार्थियों को लोकमाता अहिल्या बाई होलकर सामाजिक संगठन ने रामवाटिका कर्वी में प्रमाण पत्र, लोकमाता अहिल्या बाई होलकर की छायाचित्र अंकित शील्ड व मैडल देकर सम्मानित किया। सोमवार को संगठन अध्यक्ष जगमोहन पाल ने उद्देश्य पर रोशनी डालते हुए कहा कि समाज में अधिक तादाद में होनहार छात्रों के बाद भी उच्च प्रशासनिक पदों पर अपेक्षित उपलब्धि नहीं मिल रही। प्रतिभावान छात्रों व अभिभावकों में समुचित जानकारी का अभाव है। सही जानकारी समाज के पदस्थ प्रशासनिक अधिकारियों को ऐसे आयोजन कर दी जा सकती है, ताकि समाज के मेधावी बच्चे व अभिभावकों को सही दिशा मिल सके। होनहार बच्चे प्रशासनिक पदों पर जाकर समाज को गौरवान्वित करें। बतौर मुख्य अतिथि डॉ रजनीश कुमार सिंह बघेल विभागाध्यक्ष बीएड संकाय दिव्यांग विश्वविद्यालय व विशिष्ट अतिथि डॉ राजीव पाल दन्त चिकित्सक जिला अस्पताल, डॉ संदीप पाल मेडिकल आफिसर पहाड़ी, अजय पाल केंद्रीय विद्यालय चित्रकूट, प्रमुख समाजसेवी चंद्रपाल पाल एड, बीडी पाल सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता व अध्यक्षता डॉ राजेश पाल विभागाध्यक्ष राजकीय महाविद्यालय तथा संचालन रामरूप पाल सचिव ने किया। मुख्य अतिथि डॉ रजनीश ने समाज के सभी विद्यार्थियों को संकल्पित होकर पढ़ने व अभिभावकों को फिजूलखर्ची न कर पैसा संचय कर बच्चों की शिक्षा ध्यान देने का मंत्र दिया। डॉ संदीप पाल ने बच्चों के सफल मार्गदर्शन को अभिभावकों को सलाह दी। डॉ राजीव पाल ने बच्चों को बताया कि हाईस्कूल से ही भविष्य तय करें। केंद्रीय विद्यालय में शिक्षक अजय पाल ने कहा कि बच्चे कैरियर के बारे में संकल्प लेकर तैयारी करें। समाजसेवी चंद्रपाल एड ने कहा कि समाज के बच्चों को अधिवक्ता बतौर कैरियर चुनना चाहिए। राजनीति में भी आगे आयें।

## रस्टी हिक्स ने ई-मेल भेजकर प्रतिनिधियों से कमला हैरिस के लिए समर्थन मांगा, डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन बुधवार को चुनेगी उम्मीदवार




**वाशिंगटन।** कैलिफोर्निया डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष रस्टी हिक्स ने राज्य के प्रतिनिधियों को एक ई-मेल भेजकर कमला हैरिस का समर्थन करने का आग्रह किया है। उन्होंने ई-मेल में केडीएच एंडोर्समेंट फॉर्म से अटैच किया है। इसमें एक पंक्ति शामिल है जिसमें कहा गया है कि इस फॉर्म पर हस्ताक्षर करके आप उपराष्ट्रपति हैरिस के समर्थक के रूप में अपना नाम सार्वजनिक रूप से उपयोग करने के लिए सहमत हैं।

द न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि यह ई-मेल आज दोपहर राज्य के प्रतिनिधियों को भेजा गया। साथ ही डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन की नियम समिति ने रविवार देररात घोषणा की है कि पार्टी बुधवार को अपने अगले राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का चयन करेगी। उल्लेखनीय है कि 81 वर्षीय राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को चुनाव के लिए अपनी दावेदारी छोड़ दी। उन्होंने उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का इस पद के लिए समर्थन किया है। उन्होंने एक पत्र लिखकर अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं।

## नेपाल में सावन के पहले सोमवार को पशुपतिनाथ मंदिर में आस्था का सैलाब




**काठमांडू।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में सावन के पहले सोमवार को पशुपतिनाथ मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ा है। काठमांडू में रात से बारिश हो रही है। जलाभिषेक करने के लिए लोग छाता लेकर कतार में लगे हुए हैं। यहां पहुंचने वाले भक्तों में भारत के कई प्रदेशों के लोग भी शामिल हैं।

श्रद्धालुओं को लंबा इंतजार न करने पड़े, इसके लिए सुबह चार बजे मंगल आरती के साथ ही पशुपतिनाथ मंदिर के चारों द्वार खोल दिए गए हैं। पशुपति क्षेत्र विकास कोष के सचिव डॉ. मिलन थापा ने कहा है कि सावन मास में सुबह से लेकर मध्य रात्रि तक मंदिर के चारों कपाट खुले रहेंगे। सावन के महीने में पशुपतिनाथ मंदिर में आने वाले भक्तों की संख्या अन्य दिनों में 5-6 लाख तक रहती है पर सोमवार को दर्शनार्थियों की संख्या 9-10 लाख तक पहुंच जाती है।

इस समय वनकाली क्षेत्र, गुहेश्वरी क्षेत्र, गौशाला क्षेत्र, तिलगंगा क्षेत्र में मीलों लम्बी कतारें लगी हुई हैं। नेपाल की सीमा से सटे बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल के अलावा महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के लोग भी भगवान के दर्शन के लिए पहुंचे हैं।

## भारत के साथ सीमा विवाद कूटनीतिक वार्ता से सुलझाएंगे नेपाल के नए प्रधानमंत्री ओली



**काठमांडू।** नेपाल के नए प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने भारत के साथ सीमा विवाद को कूटनीतिक तरीके से सुलझाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि नेपाल और भारत के बीच सभी स्तर पर कूटनीतिक वार्ता के जरिए सभी समस्याओं का समाधान होने का उन्हें भरोसा है।

संसद में विश्वास मत हासिल करने के अगले दिन सोमवार को सांसदों के सवाल पर जवाब देते हुए प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि कालापानी, लिपुलेक और लिम्पियाधुरा को लेकर नेपाल की संसद में सर्वसम्मति से संविधान संशोधन करके सरकार कूटनीतिक तरीके से ही इसका समाधान चाहती है। ओली ने कहा कि चूंकि संसद में संविधान संशोधन के जरिए हमने इन क्षेत्रों पर अपना दावा किया है, इसलिए इससे पीछे नहीं हट रहे हैं लेकिन हम इसका दीर्घकालिक समाधान चाहते हैं।

प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि भारत के साथ होने वाली सभी स्तर की वार्ता के दौरान सीमा समस्या को लेकर दोनों ही देश गम्भीर है। ओली ने कहा कि प्रधानमंत्री स्तर पर पिछली बार हुई वार्ता के दौरान भी सीमा समस्या को सुलझाने को लेकर स्पष्ट सहमति हुई है।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# नेपाल के पूर्वमंत्री रामचन्द्र राय की पैतृक जिला सलार्ही में हत्या



**काठमांडू।** नेपाल के पूर्वमंत्री रामचन्द्र राय की सलार्ही जिले के पैतृक आवास में बीती रात सोते समय धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या कर दी गई। 80 वर्षीय पैतृक आवास में नौकर के साथ रहते थे। उनका बाकी परिवार काठमांडू में रहता है। यह वारदात सलार्ही जिले के चन्द्रनगर गांवपालिका स्थित रतनपुर में हुई है।

मधेश प्रदेश के डीआईजी यज्ञ विनोद पोखरेल और सलार्ही के एसपी रवीन्द्र सिंह घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। एसपी सिंह का कहना है कि पंचनामा कर शव को सलार्ही जिला अस्पताल मलंगवा भेजा जा रहा है। डीआईजी पोखरेल ने जिला क्राइम ब्रांच को घटना की जांच करने का आदेश दिया गया है। हत्यारों तक पहुंचने के लिए खोजी कुत्ते की मदद ली जा रही है। पुलिस को आशंका है कि हत्या के पीछे जमीन जायदाद के विवाद हो सकता है।

रामचन्द्र राय 30 साल पहले राजा के प्रत्यक्ष शासन वाली सरकार में भूमि सुधार राज्यमंत्री थे। वे प्रारम्भ से राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी से जुडे थे। पड़ोसियों ने बताया है कि राय अपने पैतृक घर में एक कामदार के साथ अकेले ही रहते थे। उनकी पत्नी, बेटा, बहू और पोते-पोतियां सब काठमांडू में रहते हैं।

# बाइडेन से नहीं, कमला हैरिस से हो सकता है डोनाल्ड ट्रंप का सामना




**वाशिंगटन।** कुछ दिन पहले कोविड-19 की चपेट में आए अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अचानक राष्ट्रपति चुनाव में हिस्सा न लेने का ऐलान कर सभी को चौंका दिया। हालांकि कुछ समय से उन पर उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी का इसके लिए दबाव बढ़ रहा था।

81 वर्षीय बाइडेन ने इच्छा जताई है कि उनके स्थान पर उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को पार्टी चुनाव लड़ाए। वह उनकी उम्मीदारी का समर्थन करेंगे। बाइडेन के इस रुख से साफ है कि रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का सामना डेमोक्रेट कमला हैरिस कर सकती हैं।

अमेरिका के प्रमुख अखबार द न्यूयॉर्क टाइम्स के अनुसार, बाइडेन के अचानक दौड़ से पीछे हटने के बाद कमला हैरिस ने कहा है कि वह दौड़ में शामिल हो गई हैं। उनका इरादा चुनाव जीतना है। अब 107 दिन का समय शेष है। हम मिलकर लड़ेंगे और साथ मिलकर जीतेंगे।

द न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा है कि बाइडेन ने यह घोषणा सोशल मीडिया पोस्ट में जरूर की पर व्हाइट हाउस के अधिकांश कर्मचारियों को इससे पहले दोपहर 1:45 बजे उनके निर्णय के बारे में सूचित कर दिया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, इस समय 4,600 से अधिक डेमोक्रेटिक नेशनल कन्वेंशन प्रतिनिधि हैं। इनमें से अधिकतर बाइडेन समर्थक हैं। वह अपने करीबियों से हैरिस की उम्मीदवारी पर चर्चा कर सकते हैं। हालांकि कई प्रमुख डेमोक्रेटिक गवर्नरों को भी संभावित उम्मीदवारों के रूप में देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के हमले में रूस के आंशिक कब्जे वाले डोनेत्स्क में दो लोगों की मौत, पांच घायल



**कीव।** रूस और यूक्रेन में जारी युद्ध के बीच रविवार को एक दूसरे पर ड्रोन, मिसाइल और गोलाबारी की। रूसी सरकारी मीडिया ने बताया कि रूस के आंशिक रूप से कब्जे वाले डोनेत्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के हमलों में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूसी हमलों में कम से कम पांच लोग घायल हो गए।

रूस ने कहा कि उसने पूर्व दिशा में अग्रिम पंक्ति में दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया है, एक खारकीव क्षेत्र में और दूसरा लुहांस्क क्षेत्र में।

रूसी सरकारी समाचार एजेंसी रिया नोवोस्ती ने बताया कि डोनेत्स्क क्षेत्र के रूस के कब्जे वाले इलाकों में यूक्रेन की गोलाबारी में होर्लिव्का गांव में दो लोगों की मौत हो गई।

स्थानीय अधिकारियों ने रविवार सुबह बताया कि दक्षिणी यूक्रेन के आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन क्षेत्र में रूसी ड्रोन हमलों में तीन लोग घायल हो गए। देश के उत्तर-पूर्व में, खारकीव क्षेत्र के अधिकारियों ने बताया कि रूसी गोले की चपेट में आने से एक गांव में दो लोग घायल हो गए।

वायुसेना कमांडर मायकोला ओलेशुक के अनुसार, रविवार रात में यूक्रेन की वायु रक्षा ने रूस द्वारा प्रक्षेपित 39 ड्रोन में से 35 को रोक दिया।

उन्होंने कहा कि इसके अलावा, रूस ने तीन बैलिस्टिक मिसाइल और दो गाइडेड एयर मिसाइल प्रक्षेपित कीं, जो अपने लक्ष्य तक नहीं पहुंच पाईं।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि उसके सैनिकों ने दो गांवों पर नियंत्रण कर लिया हैः खारकीव क्षेत्र में पिश्चाने निजने और लुहांस्क क्षेत्र में एंद्रिवका।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणालियों ने रात के समय देश के बेलगोरोद क्षेत्र और काला सागर के ऊपर आठ ड्रोन मार गिराये। रूस द्वारा नियुक्त खेरसॉन के गवर्नर व्लादिमीर साल्दो ने कहा कि रूसी वायु रक्षा ने रूसी कब्जे वाले क्रीमिया की ओर जा रही दो लंबी दूरी की बैलिस्टिक एटीएसीएमएस मिसाइल को खेरसॉन क्षेत्र में मार गिराया गया।

## अमेरिकी एनएसए ने कहा, भारत रूस के साथ अपने रिश्ते छोड़ने वाला नहीं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि भारत रूस के साथ अपने रिश्ते को छोड़ने वाला नहीं है। यह बात उन्होंने पीएम मोदी की रूस यात्रा के जवाब में कही थी। इससे पहले सुलिवन ने कहा कि सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश के आरोपों के संबंध में भारत के साथ बातचीत सम्मानजनक और प्रभावी रही, क्योंकि यह बंद दरवाजों के पीछे हो रही है। उन्होंने कहा कि हमने इस मुद्दे पर भारत के साथ रचनात्मक बातचीत की है।

सुलिवन शुक्रवार को कोलोराडो में एस्पेन सिक्योरिटी फोरम में पन्नू की हत्या के प्रयास से संबंधित आरोपों पर एक सवाल का जवाब दे रहे थे। भारत द्वारा रूस के साथ सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा करने का कोई ठोस सुबूत नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मॉस्को चीन का जूनियर भागीदार बन गया है। जरूरी नहीं कि वह भविष्य में किसी आकस्मिक स्थिति में भारत का महान और विश्वसनीय मित्र बने।

सुलिवन ने कहा कि मुझे लगता है कि सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या हम इस बात के ठोस सुबूत देखते हैं कि भारत रूस के साथ अपने सैन्य और प्रौद्योगिकी संबंधों को गहरा कर रहा है। मुझे उस यात्रा से कोई ठोस सुबूत नहीं मिला कि यह गहरा हो रहा था। मैंने उस स्थान पर कोई उपलब्धि नहीं देखी।

## अमेरिका के फिलाडेल्फिया की सभा में फायरिंग से तीन की मौत, छह घायल



**फिलाडेल्फिया।** अमेरिका के फिलाडेल्फिया में रविवार रात करीब दो बजे एक सभा में हुई गोलीबारी में तीन लोगों की मौत हो गई और छह लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक फिलाडेल्फिया के कैरोल पार्क इलाके में 100 से अधिक लोग सभा में मौजूद थे। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच में जुटी है।

पुलिस का कहना है कि शुरूआती जांच में यह तथ्य सामने आया है कि कई पक्षों के बीच गोलीबारी हुई। घटनास्थल पर एक से अधिक कैलिबर के कारतूस के खोल मिले हैं। पुलिस के मुताबिक 33 वर्षीय एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बाकी लोगों की मौत पेन प्रेस्बिटेरियन मेडिकल सेंटर में हुई। सभी घायलों की हालत स्थिर है। घायलों में एक महिला भी शामिल है।

इंस्पेक्टर डीएफ पेस ने कहा कि घटनास्थल पर 25 से 30 कारतूस के खोल मिले हैं। एक व्यक्ति को बेहद करीब से गोली मारी गई थी। ऐसा लगता है कि उसे निशाना बनाकर गोली चलाई गई थी। हालांकि सभा क्यों बुलाई गई थी... इसके बारे में अधिक जानकारी नहीं मिली है। पुलिस ने एक हथियार बरामद किया है। अभी किसी भी आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## हमास ने इजरायल-अमेरिका पर लगाया गंभीर आरोप

**गाजा :** हमास द्वारा संचालित गाजा सरकार के मीडिया कार्यालय ने कहा कि इजरायली सेना ने सात दिनों में नुसेरात के शरणार्थी शिविर पर 63 बार बमबारी की है, जिसमें 91 फिलिस्तीनी मारे गए और 251 अन्य घायल हो गए. सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, हमास ने रविवार को शरणार्थी शिविर में लगातार हो रही हत्याओं के लिए इजरायल और अमेरिकी प्रशासन को "पूरी तरह से जिम्मेदार" ठहराया, जहां वर्तमान में विस्थापितों समेत लगभग 250,000 लोग रह रहे हैं.

पिछले मंगलवार को एक बड़े हमले में कम से कम 23 लोग मारे गए और संयुक्त राष्ट्र द्वारा स्थापित एक स्कूल में 73 अन्य घायल हो गए, लेकिन बाद में इजरायली सेना ने कहा कि हमला वहां सक्रिय "आतंकवादियों" को टारगेट कर किया गया था और यह "सटीक खुफिया जानकारी पर आधारित" था।

# कमला हैरिस का नाम आगे आते ही डेमोक्रेटिक पार्टी को मिले 27.5 मिलियन डॉलर, जानिए अब तक का सफर

**वाशिंगटन :** जो बाइडेन के अमेरिकी राष्ट्रपति पद की रेस से हटने के बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने इस पद के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी का नामांकन प्राप्त करने का अपना अभियान तेज कर दिया है. हैरिस ने पार्टी के सांसदों, नेताओं, अधिकारियों और बाहरी समर्थन समूहों से संपर्क स्थापित करना शुरू कर दिया है. कमला हैरिस ने कुछ ही समय में कुछ महत्वपूर्ण समर्थन प्राप्त कर लिए हैं, जिनमें पूर्व राष्ट्रपति खड्डी झील्ल और पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन, सीनेटर क्रिस कून और एमी क्लोबूचर और पेंसिल्वेनिया के गवर्नर जोश शापिरो, नार्थ कैरोलाइना के रॉय कूपर और कैलिफोर्निया के गेविन न्यूजॉम शामिल हैं.

**पांच घंटों में 27.5 मिलियन डॉलर जुटाए**

कमला हैरिस को अमेरिकी कांग्रेस में अश्वेत और हिस्पैनिक कॉकस का भी समर्थन मिल गया है. डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए धन जुटाने के लिए एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म एक्टब्लू ने हैरिस के राष्ट्रपति अभियान के पहले पांच घंटों में 27.5 मिलियन डॉलर जुटाने की बात कही. बाइडेन की उम्मीदवारी पर असमंजस को लेकर डोनेशन रोक दिए गए थे. अब जब बाइडेन रेस से बाहर हो गए हैं तो दूसरे उम्मीदवार के लिए रास्ता साफ हो गया है.

Joe Biden के रेस से बाहर होने के बाद हैरिस ने अपनी पहली टिप्पणी में कहा, "मेरा इरादा इस नामांकन को हासिल करना और जीतना है" और केवल उपराष्ट्रपति के आधार पर इसका दावा नहीं करना है. उन्होंने एक टीम बनाने की तैयारी कर ली है. डेमोक्रेट्स 9 अगस्त को शिकागो, इलिनोइस में पार्टी सम्मेलन में आधिकारिक रूप से अपने राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार की घोषणा करने वाले हैं. यह प्रक्रिया आमतौर पर डेमोक्रेटिक प्राइमरी के विजेता को नामांकित करने की औपचारिकता होती है. बाइडेन ने पार्टी प्राइमरी में भाग लेने वाले 14 मिलियन डेमोक्रेट्स का समर्थन हासिल करते हुए करीब 3,000 प्रतिनिधियों को जीता था.



**हैरिस के पास हैं दो सप्ताह**

अगर हैरिस को चुनौती देने वाले सामने आते हैं तो दौड़ खुल जाएगी, ऐसी स्थिति में उम्मीदवार का निर्धारण दावेदारों के बीच एक मुकाबले के बाद होगा. अब तक सीनेटर जो मैनचिन ने स्वतंत्र उम्मीदवार बनने का फैसला किया है. डेमोक्रेट्स के पास पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रोकने के लिए पर्याप्त समय नहीं है, यही कारण है कि पार्टी ने राष्ट्रपति बाइडेन पर प्राइमरी जीतने के बाद भी दौड़ से हटने के लिए दबाव डाला. हैरिस के पास नामांकन हासिल करने के लिए दो सप्ताह हैं.

इससे पहले अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने रविवार को घोषणा की कि वह राष्ट्रपति पद का आगामी चुनाव नहीं लड़ेंगे. बाइडेन ने राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी की दौड़ से हटने का एलान करते हुए कहा कि ह्यह्ययह मेरी पार्टी और देश के सर्वोत्तम हित में है." बाइडेन 81 साल के हो गए हैं. उनका यह निर्णय अमेरिका में पांच नवंबर को होने वाले मतदान से चार महीने पहले आया है. उन्होंने अपनी जगह भारतीय मूल की कमला हैरिस को समर्थन दिया है.

**'फीमेल ओबामा' का सफर**

कमला हैरिस वर्तमान में अमेरिका की पहली भारतवंशी अश्वेत उपराष्ट्रपति हैं. उन्हें फीमेल ओबामा भी कहा जाता है. हैरिस 59 साल की हैं. वह सैन फ्रांसिस्को की डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी बनने वाली पहली महिला, पहली भारतवंशी और पहली अश्वेत अमेरिकी हैं. राष्ट्रपति चुनाव 2020 के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से उम्मीदवार रहे जो बाइडेन ने अगस्त में उपराष्ट्रपति पद की उम्मीदवार के रूप में हैरिस को चुना था.